

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 26 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-089 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## राम मंदिर ट्रस्ट से चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा

**अयोध्या,26 जून।** राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में एफआईआर के बाद राम मंदिर तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार दोनों के साथ ही गोपाल ने भी इस्तीफा दिया है। हालांकि इस्तीफे पर अभी कोई कुछ बोल नहीं रहा है। इस्तीफे पर कोई अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। दरअसल, ट्रस्ट के द्वारा कराई गई एफआईआर के बाद 8 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों बड़ी मछलियों को बचाने और बचकर निकलने का आरोप लगा रहे थे।

आपको बता दें कि गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की तहरीर पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में बृहस्पतिवार को रामशंकर



यादव उर्फ टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्र, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव तथा मनीष कुमार यादव नामक व्यक्तियों और

**चढ़ावा चोरी विवाद में टर्निंग प्वाइंट**

कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।इसके बाद सभी नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और पुलिस मामले के संबंध में उनसे पूछताछ कर रही है।

इससे पहले प्रारंभिक रिपोर्ट में एसआईटी ने ट्रस्ट और पदाधिकारियों की भूमिका का उल्लेख किया। खरीदारी, निर्माण, दानपात्र की रकम, आभूषण, रत्न तथा चढ़ावा सामग्री की गणना के तरीकों और भौतिक आडिट पर सवाल उठाए गए हैं। विस्तृत जांच में एसआईटी हर एक आरोप के संबंध में पता लगाएगी कि कितना सही है और कितना झूठ। दानपात्र की गणना व्यवस्था की जानकारी पहले हो चुकी है। अब सीसीटीवी फुटेज से दानपात्र खोलने, गणना कक्ष तक लाने तथा गणना के दौरान की स्थिति का आकलन करने की कोशिश करेगी। जब तक कोई फुटेज का चश्मदीद नहीं मिल जाता तब तक आरोपों को साबित करना मुश्किल होगा।इसी तरह निर्माण सामग्री की खरीद के बिल बाउचर भी चेक करेगी। भुगतान के तरीके का पता लगाएगी। संदेह होने पर बिल बाउचर, भुगतान और बाजार में उसी वस्तु के रेट के बारे में भी पता लगाया जा सकता है। खरीद के नाम पर ज्यादा भुगतान के आरोप की भी तस्दीक की जाएगी। जरूरी हुआ तो निर्माण सामग्री सप्लाई करने वाले एजेंसी से भी रिकार्ड मांगे जाएंगे। आरोपों के दस्तावेज उपलब्ध हो गए तो ट्रस्ट कर्मचारियों और पदाधिकारियों की भूमिका भी तय होगी।

### 8 लोगों की संदिग्ध मौत: कांग्रेस विधायक ने गृहमंत्री से की सीबीआई जांच की मांग

**रायपुर,26 जून।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के कसडोल में 8 लोगों की संदिग्ध मौत से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने एक ओर जहां गांव के ही ए क आरोपी को हत्या के आरोप में गिरफतार किया है,



तो वहीं दूसरी ओर लोग तंत्र विद्या की आशंका जता रहे हैं, जिसको लेकर कांग्रेस विधायक संदीप साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। विधायक संदीप साहू का कहना है कि सरकार सीबीआई या एसआईटी से मौतों की जांच कराए। स्थानीय लोग लगातार तंत्रविद्या की आशंका जता रहे हैं। आखिर कितने लोगों की मौत हुई और कैसे हुई इसकी जांच की जाए।

### टेकला जंगल में मिला हथियारों का जखीरा

**नारायणपुर,26 जून।** नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद अब उनके पीछे छोड़ गए सामग्रियों को ढूंढने में सुरक्षाबल जुटी हुई है. इस कड़ी में टेकला जंगल से हथियारों का बड़ा डंप और तोयामेटा से 24 लाख रुपये नगद बरामद किया गया है.खुफिया सूचना पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी सफलता मिली है. टेकला जंगल से सुरक्षा बलों ने इंसास, एसएलआर, .303 रायफल समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद किया है, वहीं छोटेडोंगर के तोयामेटा जंगल-पहाड़ी से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए 24 लाख रुपये नगद बरामद किया गया है.

### कार-बाइक की टक्कर में दो पत्रकार घायल

**डोंगरगढ़,26 जून।** राजनादगांव के सनसिटी क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच हुई टक्कर में दो पत्रकार घायल हो गए. एक के पैर में गंभीर चोट आई है. घटना के बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया. आरोप है कि मौके पर कार चालक ने पत्रकारों को कथित तौर पर कुचलने की कोशिश की. इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है. जानकारी के अनुसार, एक कार्यक्रम की कवरेज के बाद पत्रकार योगेश साहू और सौरभ अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान सनसिटी के पास एक तेज रफ्तार सफेद रंग की ब्रेजा कार (क्रमांक CG 04 NE 1199) ने अचानक सामने आ गई, जिससे बाइक सवार जा टकराए. हादसे में पत्रकार सौरभ के पैर में गंभीर चोट आई है. पत्रकारों का आरोप है कि जब उन्होंने चालक को मोबाइल कैमरे में कैद करने की कोशिश की तब कार से कई बार कुचलने का प्रयास किया गया.

### 11 हजार नाविक फंसे

**नई दिल्ली,26 जून।** दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में शामिल होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ओमान के तट के पास एक कार्गो जहाज पर ड्रोन हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र ने अपना रेस्क्यू ऑपरेशन फिलहाल रोक दिया है। इस फैसले के बाद करीब 11 हजार नाविक बीच समुद्र में फंस गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यूएन और ओमान मिलकर उन जहाजों को सुरक्षित निकालने की कोशिश कर रहे थे।

### डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ मामला

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर को शिकायत पर सुनवाई के दिए निर्देश

**बिलासपुर,26 जून।** हाईकोर्ट में डोंगरगढ़ के बहुचर्चित परिक्रमा पथ निर्माण मामले में सुनवाई हुई. कोर्ट ने कलेक्टर राजनांदगांव को पीड़ित याचिकाकर्ता के शिकायत पत्र पर सुनवाई का अवसर देते हुए परीक्षण कर निराकरण किए जाने का निर्देश जारी किया है. बता दें, कि याचिकाकर्ता की कृषि भूमि को अवैध रूप से अधिग्रहित करने के प्रस्ताव एवं प्रस्तुत शिकायत पत्र पर विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर मामला हाईकोर्ट पहुंचा है. दरअसल, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ के अंतर्गत बुधवारी पारा वार्ड नंबर 19 निवासी फहीम अख्तर ने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के जरिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी कि, उसकी कृषि भूमि ग्राम छीरपानी पटवारी हल्का नंबर 29 खसरा नंबर 196/2 में स्थित है. कुछ दिन पूर्व जानकारी मिली कि, उसके उक्त खसरा नंबर की भूमि को प्रस्तावित डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित किए जाने कार्रवाई जारी है. जबकि याचिकाकर्ता ने इस संबंध में कोई लिखित या मौखिक सहमति नहीं दी थी. वर्तमान में याचिकाकर्ता की उक्त भूमि पर सड़क निर्माण की कार्रवाई किए जाने की तैयारी की जा रही है और याचिकाकर्ता को ज्ञापन जारी कर उसके उक्त कृषि भूमि को मनमाने अत्यधिक कम कीमत पर खरीदने के संबंध में शासन के द्वारा प्रस्ताव भी जारी कर दिया गया है. याचिकाकर्ता अपनी उक्त कृषि भूमि को बेचना नहीं चाहता और ना ही उसके बदले में किसी प्रकार का मुआवजा चाहता है.याचिकाकर्ता ने आपत्ति करते हुए कलेक्टर जिला राजनांदगांव के समक्ष एक शिकायत पत्र भी दिया था, कि उक्त प्रस्तावित परिक्रमा पथ के लिए किसी भी प्रकार से निजी भूमि अधिग्रहित करने की कोई आवश्यकता ही नहीं है क्योंकि प्रस्तावित परिक्रमा पथ के आसपास ही पर्याप्त शासकीय एवं राजस्व भूमि उपलब्ध है.

## सनातन से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: योगी

**अयोध्या,26 जून।** राम मंदिर से जुड़े दान में कथित हेराफेरी के मामले में आठ लोगों की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सनातन मूल्यों और लोगों की आस्था का फायदा उठाने की कोशिश करने वालों के प्रति 'ज़ीरो-टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की रिपोर्ट आने के तुरंत बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। उन्होंने दोहराया कि सरकार ने लोगों को भरोसा दिलाया था कि अयोध्या से जुड़े मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कहा था, 'अयोध्या की चिंता न करें।' जैसे ही SIT की रिपोर्ट आई, तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई। आस्था के मामलों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं उन



लोगों से भी अपील करना चाहता हूं जो आज इस मुद्दे को उठा रहे हैं — ये वही लोग हैं जिन्होंने कभी भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। योगी ने कहा कि 19 जून को अयोध्या के दौरे के दौरान ही राज्य सरकार ने अपना रुख साफ़ कर दिया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि लोगों के भरोसे का गलत इस्तेमाल करने या करोड़ों लोगों के लिए गहरी धार्मिक अहमियत रखने वाली जगह को बदनाम करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि SIT की रिपोर्ट ने अब कार्रवाई का रास्ता साफ़ कर दिया है और रिपोर्ट के नतीजों के बाद प्रशासन ने तेज़ी से कदम उठाए हैं। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि आस्था को हल्के में नहीं लिया जा सकता, मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने या लोगों की आस्था से जुड़ी संस्थाओं का गलत इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे, उन्हें बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अयोध्या को सामूहिक आस्था का प्रतीक बताया और कहा कि इसकी गरिमा और मूल्यों को बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।साथ ही, योगी ने इन घटनाक्रमों की आलोचना करने पर विपक्षी दलों पर तीखा राजनीतिक हमला किया। बिना किसी का नाम लिए, उन्होंने विपक्ष के कुछ हिस्सों पर आरोप लगाया कि वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं.

## बिना रुकावट मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

**नईदिल्ली,26 जून।** केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगाए गए सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं। मार्च 2026 में पश्चिम एशिया संकट के बाद भारत में एलपीजी आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई थी। होटल, रेस्तरां, ढाबे और छोटे उद्योगों को सिलेंडर मिलने बंद हो गए थे। अब आयात और घरेलू उत्पादन दोनों में सुधार के बाद सरकार ने यह पाबंदी उठाई है। थोक एलपीजी की सप्लाई भी संकट से पहले की खपत के 50 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है। मार्च 2026 में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया। इसका सीधा असर भारत की ए ल पी जी आपूर्ति पर पड़ा। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। इसमें से करीब 85 से 90 प्रतिशत पश्चिम एशिया यानी सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों से आता है।

**सरकार ने हटाई पाबंदी, होटल-उद्योगों को राहत**



## भारतीयों को सभी गैर-जरूरी ईरान यात्राओं से दूर रहने सलाह

**नई दिल्ली,26 जून।** तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने ईरान के लिए नई एडवाइजरी जारी की गई है. इसमें सभी भारतीयों से ईरान की गैर जरूरी यात्रा से बचने को कहा गया है. यह एडवाइजरी ऐसे समय में जारी किया गया है कि जब मिडल ईस्ट में युद्ध का तनाव कम होते नजर आ रहा है. दूतावास ने कहा है कि परिस्थितियों में सुधार के बाद भी भारतीय नागरिक अभी ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से पूरी तरह दूर रहें. भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है. वे अगली सूचना तक ईरान यात्रा से बचें. दूतावास की तरफ से स्पष्ट है कि जिन्हें जरूरी काम से ईरान जाना पड़ सकता है, वे पूरी सावधानी के साथ सतर्कता बरतें.



मिडिल ईस्ट युद्ध बीच ईरान में सुरक्षा स्थिति में सुधार होने के बाद भी इंडियन एम्बेसी ने अपने नागरिकों को बिना बहुत ज्यादा जरूरत के यात्रा से बचने की सलाह दी है. मौजूद भारतीयों को दूतावास में तुरंत पंजीकरण कराने और आपातकालीन नंबरों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं. अमेरिका और ईरान में तनाव कम करने की कूटनीतिक कोशिशों की बीच तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है. राजनयिकों के अनुसार, वे ईरान के भीतर सुरक्षा की हर बदलती स्थिति पर लगातार बहुत पैनी नजर रख रहे हैं. हालांकि वहां कुछ सकारात्मक बदलाव देखे गए हैं. फिर भी इंडियन एम्बेसी अपने नागरिकों को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता, इसलिए पुरानी हिदायतों को अभी वापस नहीं लिया गया है.

वहां रह रहे भारतीयों को केवल भरोसेमंद समाचार स्रोतों के जरिए ही स्थानीय घटनाक्रमों पर नजर रखने की सलाह दी गई है. स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी किए गए सभी नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया गया है.

## पटवारी व बाबू घूस लेते पकड़ाये

**बिलासपुर,26 जून।** बिलासपुर में भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के उद्देश्य से एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक ही दिन में दो बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम देते हुए सरकारी तंत्र में फैले भ्रष्टाचार की कलई खोल दी है। एसीबी की टीम ने रिश्वतखोरी के आरोप में दो अलग-अलग सरकारी कर्मचारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई रतनपुर तहसील में हुई, जहां पदस्थ पटवारी भानु चंद्रा को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। शिकायतकर्ता किसान अशोक अग्रवाल (निवासी लालपुर) ने एसीबी को बताया था कि पटवारी ने उनकी जमीन का नक्शा बटांकन करने के एवज में कुल 40 हजार रुपये की अवैध मांग की थी। वहीं, दूसरी कार्रवाई में मस्तूरी स्थित CSPDCL कार्यालय में पदस्थ बाबू सहदेव कुमार चंद्रा को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, जिस पर बिजली पोल लगवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के बदले रकम मांगने का आरोप था। एसीबी की इस दोहरी और त्वरित कार्रवाई ने जिले के सरकारी महकमों में हड़कंप मचा दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर उन्हें कानूनी शिकंजे में ले लिया गया है, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया है.

## बैरिकेड तोड़कर भाग रहे ट्रक ने ली मासूम की जान

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी,26 जून।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से हिट एंड रन की बेहद हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. तेज रफ्तार ट्रक ने गुंडरदेही गांव के पास शुक्रवार सुबह मासूम को रौंद दिया. हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने जब ट्रक को पकड़ने की कोशिश तो, चालक बैरिकेड्स तोड़कर महाराष्ट्र बॉर्डर की ओर भाग निकला. इस दौरान पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए. जानकारी के मुताबिक, गुंडरदेही में सड़क किनारे खेल रहे बच्चे को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में मासूम की मौत हो गई. मृतक के परिजनों की सूचना पर पुलिस एक्टिव हुई और ट्रक चालक को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए. मोहला और मानपुर थाना के पास ट्रक को पकड़ने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे. मौके पर कई पुलिसकर्मी भी मौजूद थे. आरोपी चालक घटनास्थल के बाद काफी रफ्तार में ट्रक दौड़ा रहा था. मोहला में पुलिसकर्मियों के रुकवाने पर भी चालक ट्रक को बिना रोके बेरिकेड तोड़ते हुए आगे निकल गया. घटना की सूचना के बाद मानपुर थाना के बाहर भी बेरिकेडिंग की गई थी. जब ट्रक पास में पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी चालक ने दोबारा बेरिकेडिंग तोड़ दो और भाग निकला. हालांकि पुलिस लगातार आरोपी पीछा करती रही. वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर आई. आखिरकार चालक को कोरकोट्टी गांव के पास पकड़ गया. वह फिलहाल पुलिस की हिरासत में है. आरोपी को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आ रही है. चालक नशे में था या नहीं इसकी जांच की जा रही है. पूछताछ के बाद आरोपी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. इधर गुंडरदेही में हादसे से ग्रामीणों में रोष व्यापत है. मौके पर चक्काजाम की स्थिति बन गई है.

## लापता बालिका रायपुर से सकुशल बरामद

**रायगढ़,26 जून।** लगभग छह माह से लापता 15 वर्षीय बालिका को पोलिस ने रायपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी और एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया है, दोनों युवकों ने बालिका का शारीरिक शोषण किया था जिन्हे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक 17 दिसंबर 2025 को थाना पूंजीपथरा में एक स्थानीय व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 15 दिसंबर को स्कूल से लौटने के बाद घर नहीं पहुंची। परिजनों के अनुसार उसके बेटे ने बताया कि घनश्याम उर्फ सोनू बैरागी नामक युवक घर आकर बालिका को मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने साथ ले गया था। काफी तलाश के बाद भी बालिका का पता नहीं चलने पर थाना पूंजीपथरा में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना पूंजीपथरा पुलिस लगातार बालिका एवं आरोपी की तलाश में जुटी रही। पुलिस टीम द्वारा तीन बार रायपुर जाकर विभिन्न स्थानों पर पतासाजी की गई थी। पुलिस को गुम बालिका के रायपुर में होने की जानकारी मिली और उप निरीक्षक दिलीप बेहरा के नेतृत्व में पुनः विशेष टीम रायपुर रवाना की गई। उरला एवं सिलतरा क्षेत्र के कई दुकानों, फैक्ट्रियों और मजदूर बस्तियों में बालिका का फोटो दिखाकर सघन पूछताछ की गई। इसी दौरान एक किराना दुकानदार से महत्वपूर्ण सूचना मिली कि संबंधित बालिका पास के क्षेत्र में सामान लेने आती है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 24 जून 2026 को सरोरा (उरला), रायपुर स्थित अशोक पाइप प्लांट क्षेत्र से बालिका को युवक सिसेन एक्का के कब्जे से सकुशल बरामद कर रायगढ़ लाया।

**बालिका के कथन के आधार पर दो आरोपी गिरफ्तार**–महिला अधिकारी द्वारा बालिका का कथन दर्ज किए जाने के बाद प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। बालिका बताई कि घनश्याम उर्फ सोनु बैरागी निवासी घरघोड़ा का हमारे घर आना जाना करता था जिस कारण से उसको जानती थी और बातचीत करती थी बातचीत करने से मेरे माता पिता, घनश्याम के उपर गलत संदेह कर मुझे डांट फटकार करते थे। इस बात को घनश्याम जब मेरे घर आता था तो उसे बतायी थी।

## जलाशय में हाथियों के दल ने डाला डेरा

**कटघोरा,26 जून।** छत्तीसगढ़ के कटघोरा वनमंडल से वन्यजीवों की एक बेहद खूबसूरत और हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है. वनमंडल के ऐतमा नगर परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सलिहाभाठा जलाशय में 13 हाथियों के एक बड़े दल को पानी में अठखेलियां करते हुए देखा गया.कटघोरा वनमंडल में पिछले लंबे समय से लगभग 50 हाथियों का एक विशाल दल लगातार विचरण कर रहा है. इसी क्रम में, हाथियों का यह झुंड सलिहाभाठा के जलाशय पर पहुँचा. भीषण गर्मी और उमस से राहत पाने के लिए हाथियों ने पानी में उतरकर जमकर डुबकी लगाई. इस दौरान वीडियो में एक बेहद दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला. जलाशय के किनारे खड़े होकर कुछ विशालकाय हाथी अपनी सूंड़ से सूखी



मिट्टी और धूल को हवा में उड़ाकर अपने शरीर पर डालते नजर आए. वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, हाथी अक्सर त्वचा को ठंडक पहुँचाने, धूप से बचने और कड़े सूरज की रोशनी व मच्छरों से अपनी चमड़ी की सुरक्षा के लिए ऐसा 'मड बाथ' या 'डस्ट बाथ' (धूल-मिट्टी का स्नान) करते हैं. नन्हे शावकों सहित पूरे दल की इस जलक्रीड़ा और धूल उड़ाने के अनूठे अंदाज का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है. जलाशय में इतनी बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी को देखकर आसपास के ग्रामीणों में कौतूहल का माहौल है. हालांकि, वन्यजीवों की इस हलचल को देखते हुए वन विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है. वन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों को जलाशय के करीब न जाने और हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है.

## केजरीवाल के अयोध्या दौरे का भारी विरोध

**नई दिल्ली,26 जून।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज अयोध्या दौरे पर पहुँचे तो



उनका स्वागत विरोध प्रदर्शनों और केजरीवाल वापस जाओ जैसे नारों से हुआ। दरअसल, केजरीवाल ने वर्षों पहले कथित रूप से राम मंदिर की जगह स्कूल, अस्पताल और शौचालय बनाने जैसा विवादास्पद बयान दिया था। केजरीवाल जब रामनगरी पहुंचे तो संत समाज और कई स्थानीय संगठनों ने उनका जोरदार विरोध किया। जगह जगह "केजरीवाल वापस जाओ" के नारे लगे और संतों ने उनका पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। संतों का कहना था कि जिन्होंने कभी राम मंदिर निर्माण की भावना का विरोध किया, आज वही राजनीतिक लाभ के लिए अयोध्या की धरती पर आकर श्रद्धा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं।

# खुर्सीपार में आयुक्त का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने और सड़क बाधा पर सख्ती के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण कर नवीन हाट बाजार, पानी टंकी, अतिक्रमण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने नवीन हाट बाजार की व्यवस्था का निरीक्षण कर नागरिक सुविधाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अतिक्रमण कर निवास करने वाले लोगों से चर्चा करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता अनुसार आवास के लिए आवेदन करने की सलाह दी। उन्होंने क्षेत्र की पुरानी पानी टंकी का भी निरीक्षण किया



और आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित लोगों से भवन अनुज्ञा से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आयुक्त ने अधिकारियों को नियमित सफाई, कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, उप अभियंता बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गभरा एवं घुघुवा (क) विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,26 जून।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गभरा पी एम श्री गभरा में नव-प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, पुस्तक एवं गणवेश भेंट करते हुए विद्यालय में दिला कर प्रवेश उत्सव मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सभापति प्रणव शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई, मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मान. नरेंद्र मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप हमारे ग्राम गभरा में पी श्री विद्यालय का शुभारंभ हुआ है, शासन द्वारा विद्यालय में विशेष अतिरिक्त सुविधा एवं व्यवस्थाएं की जा रही हैं बच्चों को इन सभी का लाभ उठाना चाहिए एवं अपने भविष्य को उज्जवल बनाने का प्रयास निरंतर करना चाहिए, इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि मेहत्तर वर्मा, मधु, राजाराम, सुरेश, पूर्व प्रधान पाठक रमेश शर्मा, वर्तमान प्रधान पाठक ठाकुर जी, शिक्षक मंगलू राम पारधी, पंचगण, शिक्षक, पालक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में शा. प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय घुघुवा(क) में भी जनपद सभापति प्रणव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय आने को प्रेरित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शासन द्वारा विशेष शिक्षा सुधार की जानकारी देकर बच्चों का तिलक कर मिठाई खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया।मुख्य अतिथि प्रणव शर्मा जी द्वारा विद्यालय में विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति एवं किचन कक्ष के संधारण कार्य हेतु जनपद निधि से पचास हजार रुपए देने की घोषणा की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से एस एम सी अध्यक्ष ओगी राम राम जी, सरपंच शैलेन्द्री साहू, उप सरपंच शिव नारायण शर्मा, प्रशांत शर्मा अध्यक्ष पालक समिति सेजस, गंगाराम साहू, लोकेश साहू, ढाल सिंह साहू, प्रधान पाठक सुषमा परगनिया सहित समस्त शिक्षकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चावल के अवैध परिवहन पर कार्रवाई



**भिलाई, 26 जून (तछसं.)।** भिलाई सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले सोसायटी चावल के अवैध परिवहन पर सुपेला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है पुलिस ने एक मालवाहक वाहन से 14 कट्टा फोर्टिफाइड मिक्स चावल जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है?मामले में खाद्य विभाग के साथ समन्वय कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि 24 जून 2026 की दोपहर पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मालवाहक वाहन में सोसायटी का चावल अवैध रूप से ले जाया जा रहा है सूचना पर पुलिस ने राजीव नगर स्थित ईमामबाड़ा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन सीजी-07 सीवी 2729 को रोका तलाशी में वाहन से प्लास्टिक बोरियों में भरे 14 कट्टा सोसायटी का फोर्टिफाइड मिक्स चावल मिला। चालक से परिवहन केवैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई संतोषजनक कागजात पेश नहीं कर सका। पूछताछ में चालक ने चावल सूरज साव का होना बताया। पुलिस ने आरोपी की पहचान सन्नी साव (28 साल ), निवासी पांच रास्ता, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, सुपेला के रूप में की है। प्रारंभिक जांच में बिना वैध अनुमति पीडीएस चावल का परिवहन करना पाया गया 14 कट्टा चावल और वाहन जब्त पुलिस ने मौके से 14 कट्टा फोर्टिफाइड मिक्स चावल और मालवाहक वाहन जब्त कर लिया है। जब्त चावल का स्त्रोत, उसे कहां से लाया गया और किस उद्देश्य से परिवहन किया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है। चर्चा है कि पुलिस ने सीधे कार्रवाई न कर मामला खाद्य विभाग को सौंप दिया है जब कि खाद्य विभाग ढीलाई बरतता है ।

### जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 26 जून (तछसं.)।** भिलाई रिमझिम लाइट दुकान नेहरू चौक कैम्प-1 में प्रार्थी पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को थाना छावनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी प्रभारी अमति अंदानी ने बताया कि 13 जून को प्रार्थी विजय बघेल ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रिमझिम लाइट दुकान नेहरू चौक कैम्प-01 में संतोष गायकवाड उर्फ भुरू एवं उसके अन्य साथियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा हत्या करने की नियत से धारदार हथियार से प्रार्थी की बायीं पसली में वार कर चोट पहुंचाई। रिपोर्ट पर थाना छावनी में धारा 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों संतोष गायकवाड उर्फ भुरू (21 साल ), विकास यादव (23 साल ) निवासी नेहरू चौक कैम्प-01 और एस. एन्थोनी उर्फ एकजेण्डर (22 साल ) निवासी सुंदर नगर कैम्प-01 की पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने घटना करना स्वीकार किया आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार हथियार बरामद कर जब्त किया है ।





### पैसे की मांग पूरी नहीं होने पर गाली-गलौज, मारपीट




**भिलाई, 26 जून (तछसं.)।** भिलाई शराब पीने के लिए पैसे की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली.गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर मारपीट की। रिपोर्ट दर्ज कर सुपेला पुलिस ने आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त की है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि 23 जून को प्रार्थी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दोपहर में कार्य से घर लौटने के बाद शाम लगभग 4 बजे अपने घर के सामने मौजूद था। इसी दौरान मोहल्ले का निवासी साहिल खान उर्फ गब्बर उसके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। प्रार्थी ने पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने अश्लील गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला कर मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 296ए 115.2ए 119.2ए 351 .3 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल खान उर्फगब्बर 40 वर्ष निवासी इन्द्रा नगर को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किया है ।

# मानसून की बेरुखी से थमा खेती का पहिया, धान के थरहा को बचाने में जुटे किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,26 जून।** गर्मी की तपिश और मानसून की बेरुखी ने ग्रामीण अंचलों में चिंता की लकीरें खींच दी हैं। खरीफ सीजन के लिए पूरी तरह तैयार बैठे किसानों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जून का महीना बीतने को है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण खेतों में हल-बैल और ट्रैक्टरों के पहिए थम से गए हैं। नौबत यह आ गई है कि किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

## तपती धूप में थरहा बचाने की जंग

ग्राम खोपली के किसान पप्पू ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण खेतों में धूल उड़ रही है। खेत में समय पर धान की नर्सरी (थरहा) डाल दी है अब हमारे सामने इस थरहा को जिंदा रखने की बड़ी चुनौती है। चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान से झुलस रहे पौधों को बचाने के लिए दिन-रात पंप चलाकर पानी डाल रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि एक सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो



मेहनत और लागत दोनों ही बेकार चली जाएगी।

करगामुक्त बीज की भारी किल्लत, भटक रहे अन्नदाता

## इस संकट के बीच किसानों के सामने एक और नई मुसीबत

खड़ी हो गई है। इस बार बाजार में उन्नत और करगामुक्त (खरपतवार मुक्त शुद्ध बीज) की मांग इतनी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है कि दुकानों से यह बीज गायब हो चुका है। निजी दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन खोजने पर भी करगामुक्त बीज नहीं मिल रहा है। बीज की इस किल्लत ने किसानों की समय पर बोनी करने की योजना को बड़ा झटका दिया है। महंगाई से निपटने का नया फॉर्मूलाः रोपा छोड़ सीड ड्रिल की ओर बढ़े कदम खेती की बढ़ती लागत और मजदूरों की कमी को देखते हुए इस साल किसानों ने अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव किया है। ग्राम सेलुद के किसान गैदलाल बंछोर ने बताया किडीजल, खाद और बीज के महंगे होने के बाद अब किसान %रोपा पद्धति (पारंपरिक रोपाई) से तौबा कर रहे हैं।रोपाई में लगने वाले भारी-भरकम लेबर खर्च को बचाने के लिए किसान इस बार बड़े पैमाने पर सीड ड्रिल (कतार बोनी पद्धति) को अपना रहे हैं। इस आधुनिक तकनीक से सीधे खेतों में कतारबद्ध बोनी की जा रही है। सीड ड्रिल से बोनी करने पर न केवल पानी की बचत होती है, बल्कि रोपाई का भारी खर्च भी पूरी तरह बच जाता है। इससे कम लागत में बेहतर उत्पादन की उम्मीद है।

## आस लगाए बैठा है अन्नदाता

कुल मिलाकर, इस समय किसान दोहरी मार झेल रहा है–एक तरफ प्रकृति की बेरुखी और दूसरी तरफ खाद बीज की किल्लत। हालांकि, विपरीत परिस्थितियों में भी किसान तकनीक (सीड ड्रिल) के सहारे अपनी लागत कम करने का प्रयास कर रहा है। अब देखना यह है कि मानसून कब मेहरबान होता है और खेतों में दोबारा रौनक लौटती है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,26जून।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु लगभग ?10,00,000 (दस लाख रुपये) की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन युवा सरपंच श्री रवि सिंगौर द्वारा विधिवत सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर पंचगण शुभम जांगड़े, महेंद्र पारधी, वीरेंद्र यदु, श्यामू बंजारे, दीपक सिंगौर सहित विद्यालय परिवार, गणमान्य नागरिक एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस महत्वपूर्ण जनहितकारी एवं शैक्षणिक विकास कार्य की स्वीकृति एवं सहयोग के लिए माननीय शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, माननीय सांसद श्री विजय बघेल तथा क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन हेतु एक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित प्रार्थना शेड उपलब्ध होगा।

### राष्ट्रीय बजरंग दल स्थापना दिवस पर हनुमान चालीसा पाठ, 28 को रक्तदान शिविर

**भिलाई, 26 जून।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार 28 जून को विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे माता राजेश्वरी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से होगी, जिसमें संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक भिलाई पावर हाउस चौक ब्रिज के नीचे रक्तदान शिविर एवं राहगीरों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर सामाजिक सेवा के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है। राष्ट्रीय बजरंग दल के महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी विजय कुमार उइके ने संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

# काव्य प्रतियोगिता में बीएसपी की रश्मि नायक प्रथम




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जून।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित नराकास स्तरीय स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता में बीएसपी के ऑटोमेशन एवं डिजिटाइजेशन विभाग की इंजीनियरिंग एसोसिएट सुश्री रश्मि नायक ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुरस्कार विजेता कविता उम्मीद का उजाला का पाठ भी किया। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख संदीप कुमार मान तथा नराकास की ओर से जितेन्द्र कुमार मानिकपुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लॉटरी से 55 परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जून।** नगर निगम भिलाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गुरुवार को निगम सभागार में पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से 55 मकानहीन परिवारों को आवास आबंटित किए। ये सभी आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के अंतर्गत निर्मित हैं। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा तथा पार्षद हरिओम तिवारी उपस्थित रहे। लॉटरी के माध्यम से ग्रीन वैली खम्हरिया में 20, माइल स्टोन स्कूल के पीछे स्थित आवासीय परिसर में 17, रजत बिल्डर्स शांति नगर में 3, आम्रपाली



हाउसिंग बोर्ड फेस-1 में 2 तथा सूर्य विहार के पीछे स्थित आवासीय परिसर में 13 हितग्राहियों को आवास आवंटित किए गए। इस अवसर पर आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जागेश्वर साहू, थलेश्वर जोशी, जी. मोहन राव, नूतन साहू सहित आवास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## बार एवं रॉड मिल को मिला सर्वश्रेष्ठ विभाग पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाई बार एवं रॉड मिल को वर्ष 2024-25 में ज्ञानार्जन एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ विभाग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार रांची स्थित मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित ज्ञान उत्सव समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रियरंजन ने बार एवं रॉड मिल को सम्मानित किया। विभाग की ओर से महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती तथा सहायक महाप्रबंधक सुनील कुमार सोनी ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि पर मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की प्रतिबद्धता, सामूहिक प्रयास और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।

# नशीली दवाओं एवं तस्करी के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग का जागरूकता अभियान

**दुर्ग, 26 जून ।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ में आज अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में 25 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग के पांच न्यायाधीश श्रीमती श्वेता पटेल, श्री रवि कुमार कश्यप, श्रीमती अंजली सिंह, श्रीमती महिमा शर्मा एवं सुश्री आरती ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनाली पातरा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यायाधीशों का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कानून, न्याय व्यवस्था एवं नागरिक कर्तव्यों के संबंध में सरल एवं सहज भाषा में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। न्यायाधीशों ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा एवं भविष्य को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बिना हेलमेट एवं बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने की समझाइश दी गई। साथ ही मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं ओटीपी साझा करने के खतरों के बारे में भी जागरूक किया गया तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए गए।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका न्यायाधीशों ने अत्यंत सरल, स्पष्ट एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। अंत में विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। यह विधिक जागरूकता शिविर विद्यार्थियों में कानूनी समझ, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं अनुशासन की भावना विकसित करने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं सफल सिद्ध हुआ।

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना अंतर्गत 03 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग, 26 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना प्रारंभ किया गया है। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीयन निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित की गई है।

सहायक श्रमायुक्त कार्यालय दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा जिनका मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध पंजीयन हो तथा छात्र-छात्रा वर्तमान सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। पात्र विद्यार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा ।



## डिजिटल रूप से सशक्त कार्यकर्ता ही विकसित भारत की आधारशिलाः नितेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जून।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण कार्यशाला में भाजपा नेता नितेश साहू ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीकी रूप से दक्ष कार्यकर्ता ही विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समय के साथ चलने वाला संगठन है और प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में दुर्ग जिले के पदाधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। प्रशिक्षण प्राप्त पदाधिकारी अब मंडल एवं बूथ स्तर तक डिजिटल प्रशिक्षण पहुंचाएंगे।

# डोंगरगांव की जनता को उप मुख्यमंत्री ने दिया नगर पालिका का उपहार

- **डोंगरगांव के जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने जताया साव का आभार, कहा- ऐतिहासिक निर्णय से बदलेगी डोंगरगांव की तस्वीर**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव, 26 जून।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने डोंगरगांव नगरवासियों की मांग पर डोंगरगांव को नगर पालिका परिषद का दर्जा प्रदान किया है। इसका राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित हो गई है। इससे पूरे नगर में खुशी एवं उत्साह का वातावरण है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के तहत राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव नगर पंचायत का उन्नयन कर उसे नगर पालिका परिषद घोषित किया गया है। इस निर्णय से नगर के सुनियोजित विकास को नई दिशा मिलेगी एवं शहरी सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, लगभग 14 हजार 693 आबादी वाले इस नगर को अब विकास योजनाओं में अधिक प्राथमिकता मिलेगी।



डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डोंगरगांव में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, उद्यान, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के विकास को गति मिलेगी। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से नगरवासियों तक पहुंच सकेगा।

साव ने कहा कि, नगर पालिका बनने के बाद डोंगरगांव उवल भविष्य की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा।

डोंगरगांव नगर पालिका बनने पर आज नवा रायपुर, अटल नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में उप मुख्यमंत्री अरुण साव से नगर के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिक अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू, मंडल अध्यक्ष दिना पटेल, रामकुमार गुप्ता, पार्षदगण मनबोधी पटेल, पदमनी ठाकुर, गायत्री यादव, लीला मंडलोई, पुरुषोत्तम साहू, कोमल साहू, राजा जैन, सतीश पांडे, संतोष यादव, योगेश पटेल सहित पार्षद एवं मंडल पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री साव को धन्यवाद दिया।

## समाचार संक्षेप

### एकादशी पर कान्यकुब्ज महिला मंडल ने वृद्धजनों को कराया भोजन



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव, 26 जून।** गुरुवार 25 जून को भीमसेनी, निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर कान्यकुब्ज महिला मंडल, राजनांदगांव की महिलाएं समता वृद्धाश्रम पहुंची। महिला मंडल अध्यक्ष ममता अवस्थी के नेतृत्व में महिलाओं ने वृद्धजनों को एक वक्त का भोजन खुद परोस कर कराया। साथ हो अन्य सामग्रियां भी प्रदान कीं।

कान्यकुब्ज महिला मंडल, राजनांदगांव की अध्यक्ष ममता अवस्थी ने बताया कि आज भीमसेनी एकादशी, जिसे सभी एकादशी में उत्तम माना जाता है। बिना पानी पिए निर्जला व्रत रखा जाता है। इस पुण्य मौके पर समता वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को एक समय का भोजन कराकर महिलाओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इतना ही नहीं कान्यकुब्ज महिला मंडल ने वृद्धों के बीच भजन का कार्यक्रम आयोजित कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सभी वृद्धजनों को नेपकिन सहित बिस्किट्स तथा दैनिक जीवन में उपयोगी सामग्री प्रदान की गई।

## एक नजर

### अछोली में कबीर प्रकट उत्सव 28 जून को

**डोंगरगढ़, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में आगामी 28 जून दिन रविवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कबीर कुटी मैडाश्री पहाड़ी कबीर प्रकट उत्सव 628 वा वर्ष संत साहेब लीलदास, धुसेरा संत मंडली, के द्वारा चौका आरती, गुरु महिमा पाठ का पाठन किया जाएगा, कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 :00 बजे गुरु महिमा पाठ के साथ किया जाएगा वहीं 1 :00 बजे पुराना अछोली से ग्राम साहू समाज अध्यक्ष नंदकुमार साहू, कोषाध्यक्ष मनोज साहू, संरक्षक योद्धा दास साहू घनश्याम दास साहू, पुहुपदास साहू की अगवाई में शोभा यात्रा निकाला जाएगा जो गांव के विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए माड़ाश्री कबीर कुटी पहुंचेगी, जहां कबीर कुटी में निशान पूजा 3 :00 बजे से चौका आरती एवं संध्या 5 :00 बजे से महाप्रशादी वितरण के साथ भोजन भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें आयोजन समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा बढ़ाने की अपील की है वही 29 जून को दिन सोमवार को कबीर प्रकट 62800 वर्ष के उपलक्ष में पुराना अछोली एवं नया अछोली के मुख्य मार्ग में शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

### महेश नवमी धूमधाम से मनाई गई

**राजनांगांव, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में माहेश्वरी पंचायत द्वारा महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात :काल भगवान शिव के रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न स्थानों से आए समाजबंधुओं द्वारा स्वागत किया गया एवं प्रदेश से आए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय सहभागिता रही तथा पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय बना रहा। इस अवसर पर समाज के सभी बंधुओं ने सामूहिक रूप से महाप्रसादी ग्रहण की। महेश्वरी पंचायत के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों, रक्तदाताओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महेश नवमी महोत्सव ने सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था एवं सेवा भावना का सुंदर संदेश प्रदान किया। उपरोक्त जानकारी माहेश्वरी पंचायत के सचिव आनंद लोहिया एवं कोषाध्यक्ष नंदकिशोर सोनी हल्दी वालों ने दी।

### गोदाम से 4.50 लाख रुपये के अनाज चोरी मामले का खुलासा

# आरोपी गिरफ्तार, पिकअप व नकदी जब्त

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव, 26 जून।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने गोदाम से करीब 4.50 लाख रुपये मूल्य के अनाज चोरी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन CG 07 CA 8206) तथा 3, 000 रुपये नकद जब्त किए गए हैं। इस मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर न्यायिक रिमांड पर भेजे जा चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, 3 जून 2026 को औद्योगिक क्षेत्र ममता नगर स्थित दुलीचंद शिवचंद पारख फर्म के अनाज गोदाम से चना, सोयाबीन एवं मसूर सहित लगभग 4.50 लाख रुपये मूल्य का अनाज चोरी हो गया था। मामले में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 286/2026 धारा 331(3) एवं 305 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।



विवेचना के दौरान पहले राहुल कुर्रे एवं दिनेश साहू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अनाज बिक्री की 7, 900 रुपये की राशि जब्त की गई थी। इसके बाद फरार आरोपियों यादराम वर्मा (33 वर्ष, शांतिनगर, चिखली) एवं नरेन्द्र कुमार साहू (28 वर्ष, देशमुख होटल के पीछे, चिखली) की लगातार तलाश की जा रही थी।

मुखबिर की सूचना पर 25 जून को दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 3, 000 रुपये नकद एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त कर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र शाह के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक इसराफिल खान, प्रधान आरक्षक संदीप चौहान एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# ई-चालान के नाम पर हो रही साइबर ठगी से रहें सावधान

- **नागरिकों से वास्तविक ई-चालान की जानकारी के लिए केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट का उपयोग करने की अपील**

**राजनांदगांव 26 जून।** परिवहन विभाग द्वारा नागरिकों को ई-चालान के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराधी परिवहन विभाग की वेबसाइट के समान क्लोन पेज तैयार कर नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का भय दिखाते हुए फर्जी संदेश एवं लिंक भेज रहे हैं। इन लिंक पर क्लिक करने के बाद नागरिकों से उनकी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाता, डेबिट-क्रेडिट कार्ड अथवा यूपीआई संबंधी जानकारी प्राप्त कर धोखाधड़ी की जा रही है। उन्होंने नागरिक से किसी भी संदिग्ध लिंक, शॉर्ट लिंक अथवा अज्ञात वेबसाइटों पर क्लिक नहीं करने कहा है। ऐसे फर्जी लिंक प्रायः अज्ञात मोबाइल नंबरों से भेजे जाते हैं तथा इनमें शासकीय डोमेन के स्थान पर संदिग्ध डोमेन नामों का उपयोग किया जाता है। इन संदेशों में तत्काल भुगतान करने अथवा कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर लोगों पर दबाव बनाया जाता है। कई मामलों में लिंक खोलने पर सीधे कार्ड, बैंक खाता अथवा यूपीआई संबंधी जानकारी मांगी जाती है तथा कभी-कभी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए भी कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि वास्तविक ई-चालान की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट https://echallan.parivahan.gov.in का ही उपयोग करें। वेबसाइट के पेज ऑनलाईन विकल्प में जाकर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड दर्ज कर गेट डिटेल पर क्लिक करने के पश्चात मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से चालान का विवरण देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले द्वारा किए गए प्रत्येक वैध ई-चालान की सूचना वाहन स्वामी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर केवल अधिकृत ई-चालान प्रणाली के माध्यम से ही भेजी जाती है। नागरिकों से किसी भी अज्ञात व्यक्ति को ऑनलाइन भुगतान नहीं करने तथा बैंकिंग व डिजिटल लेन-देन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश, लिंक अथवा मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं अथवा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। परिवहन विभाग द्वारा साइबर ठगी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नागरिकों से सतर्क, जागरूक एवं सुरक्षित रहने का आग्रह किया गया है।

### पुलिस की सजगता से घर से नाराज होकर भागी बालिका का रेस्क्यू



- **समझाइश के बाद परिजनों को सौंपा**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बलौदाबाजार, 26 जून।** पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सुरक्षा एवं सजगता अभियान के तहत थाना गिधौरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की मुस्तैदी के चलते घर से नाराज होकर भाग रही एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बचाकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

आज दिनांक 25.06.2026 को थाना गिधौरी की पुलिस पेट्रोलिंग टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मुस्तैदी से गश्त पर थी। इसी दौरान गिधौरी बस स्टैंड में एक 15 वर्षीय बालिका संदिग्ध एवं परेशान हालत में खड़ी दिखाई दी। सजग पेट्रोलिंग टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बच्ची से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि बालिका ग्राम महुवाडीह (थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़) की रहने वाली है। आज घर में पिता की डांट से नाराज होकर वह बिना बताए घर से भाग निकली थी और बाहर जाने के लिए बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रही थी।

सुरक्षित रेस्क्यू और काउंसिलिंग:- बालिका की सुरक्षा को भांपते हुए थाना गिधौरी पुलिस ने उसे अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुरक्षार्थ थाने लाया। थाने में महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में बालिका को ढांढस बंधाया गया और उसे समझाइश (काउंसिलिंग) दी गई, जिससे वह शांत हुई।

पुलिस टीम द्वारा तत्काल बालिका के गृह ग्राम और परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाना गिधौरी बुलाया गया। थाने पहुंचे परिजनों को भी बच्चों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार करने की समझाइश दी गई।

# सेन समाज ने राज्यपाल, मुखमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## समाज की नाबालिग बेटी से बलात्कार के आरोपी को कठोर सजा दिलाने की मांग

**रायपुर, 26 जून।** बिलासपुर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में एक नाबालिग बालिका के साथ हुए यौन शोषण के मामले में आरोपी को कठोरतम दंड दिए जाने तथा विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध जांच समिति गठित कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृह मंत्री के नाम रायपुर में दंडाधिकारी गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए तथा विद्यालय प्रबंधन की भूमिका की भी गहन जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



इस अवसर पर सर्व सेन समाज के मुख्य प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सेन, महासचिव रुद्र सेन, जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, रूपेश ठाकुर, अनिल ठाकुर, अनिल सेन, सुशील कौशिक, राज श्रीवास, नारायण सेन, रमेश श्रीवास, ईश्वर सेन, विजेंद्र सेन, रमेश सेन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे एवं अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।

उपस्थित सभी समाजजनों ने भविष्य में किसी भी बेटी के साथ इस प्रकार की अमानवीय घटना न हो, इसके लिए प्रशासन से कठोर कानून बनाने, महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ शाला प्रवेश उत्सव

- **कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने दी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं**
- **उत्कृष्ट विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकों को किया गया सम्मानित**



**भोपालपटनम/बीजापुर 26 जून।** ब्लॉक मुख्यालय में शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और बच्चों को शिक्षा का अलख जगाने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव का हुआ भव्य आयोजन गुरुवार को भोपालपटनम स्थित स्व. राजेंद्र पामभोई स्टेडियम में किया गया। विकासखंड स्तरीय 'शाला प्रवेश उत्सव 2026' कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तनुजा कुमार द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। हर्षोल्लास एवं गरिमामय माहौल में अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत के साथ उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं जागरूक पालकों को सम्मानित भी किया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन:** शाला प्रवेश उत्सव में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। देपला विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि तारलागुड़ा विद्यालय के बच्चों ने आधुनिक रिकॉर्डिंग डांस के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगमपल्ली पोटाकेबिन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों ने समूचे कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया।

**कलेक्टर और सीईओ ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह:** कार्यक्रम में जिला कलेक्टर विश्वजीत, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के पहुंचकर स्वयं नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाया तथा उन्हें पुस्तकें, स्कूल बैग और मिठाइयां वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**एसपी बोले- शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार:** छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि, शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। सभी बच्चों को अनुशासन और एकाग्रता के साथ मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए।

### ढाबे की आड़ में चल रही अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़

# लालबाग पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव, 26 जून।** थाना लालबाग पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ढाबे की आड़ में शराब बेच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 107 पौवा देशी एवं विदेशी शराब, जिसकी कुल कीमत 10, 260 रुपये है, जब्त की है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 24 जून 2026 को मिली सूचना पर साइबर थाना एवं थाना लालबाग पुलिस की संयुक्त टीम ने रेवाडीह स्थित पायल ढाबा के पीछे छापेमार कार्रवाई की। यहां ढाबे की आड़ में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी अशोक तेजवानी (64 वर्ष, नंदई नाका, बसंतपुर) एवं शत्रुघन यादव (40 वर्ष, गौरी नगर, चिखली) को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 75 पौवा शेरा प्लेन, 25 पौवा गोल्डन गोवा तथा 7 पौवा मैकडॉवेल नंबर-1 सहित कुल 19.260 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 10, 260 रुपये है, जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 268/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल तथा साइबर एवं थाना लालबाग पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# वन विभाग में कार्य के दौरान मजदूर की मौत, परिजनों ने की जांच की मांग

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**डोंगरगढ़, 26 जून।** सामान्य वन परिक्षेत्र के रानीगंज सर्किल अंतर्गत डिंगोरा क्षेत्र में वन विभाग के कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत हो जाने से विभाग में हड़कंप मच गया। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। मृतक की पहचान ग्राम बाकलेडी निवासी 48 वर्षीय शिवचरण के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में कार्य कराया जा रहा था, जहां प्रतिदिन 5 से 10 मजदूर काम कर रहे थे। गुरुवार को भी मजदूर कार्यस्थल पर पहुंचे थे। इसी दौरान काम करते समय शिवचरण अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने उसे तत्काल उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। पोस्टमार्टन के बाद शव परिजनों को सौंग दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टन रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वहीं सूत्रों के अनुसार मृतक पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ था और उसकी तबीयत खराब होने की जानकारी विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित बीटगार्ड को भी थी। इसके बावजूद उससे कार्य कराए जाने की बात सामने आ रही है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि बीमार हालत में काम करने के कारण उसकी मौत हुई हो सकती है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मजदूर कर्का मौत बीमारी, अत्यधिक श्रम अथवा किसी अन्य कारण से हुई। मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

**एसडीओ का मोबाइल बंद**

मामले में वन विभाग का पक्ष जानने के लिए संबंधित एसडीओ पूर्णिमा सिंह राजपूत से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला। मृतक के परिजनों ने ड्यूटी के दौरान हुई मौत की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी मानकों का पालन नहीं किया गया है तो इसकी भी जांच होनी चाहिए। अब सभी की नजर गोस्टमार्टन रिपोर्ट और विभागीय जांच पर टिकी हुई है।

# सवाल तो यह है जो हुआ गलत हुआ आगे न हो

राम मंदिर हिंदू समाज के लोगों के लिए आस्था के एक बड़े केंद्र के रूप में सामने आया है और इससे हिंदू समाज में एकजुट हुआ है। यह आने वाले दिनों में जितना बड़ा आस्था का केंद्र बनेगा उतना ही हिंदू समाज एकजुट होगा और हिंदुत्व की राजनीति करने वाले दलों संगठनों को इसका आर्थिक,सामाजिक व राजनीतिक लाभ होगा।मोटे तौर पर अयोध्या का मंदिर बन जाने से क्षेत्र का हर तरह के विकास हुआ है। क्षेत्र में कई तरह के रोजगार लोगों को मिले हैं, इससे क्षेत्र के लोगों की आय बढ़ी है और अयोध्या के कारण यूपी की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।यानी आम लोगों को भी लाभ हुआ है और सरकार को भी लाभ हुआ है। अयोध्या के विकास का काम सरकार ने जितने अच्छे से किया। मंदिर बनाने का काम जितने अच्छे से हुआ.मंदिर बन जाने के बाद दान व चढ़ावे के प्रबंधन की व्यवस्था की और जितनी गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत थी, न तो ट्रस्ट ने ध्यान दिया। न ही सरकार ने ध्यान दिया। मंदिर में चढ़ावे व दान के प्रबंधन की व्यवस्था की पोल चढ़ावे की चोरी की एसआईटी जांच के बाद खुल रही है कि दान व चढ़ावे के प्रबंधन की व्यवस्था में कितनी खामियां थी, सबसे बड़ी खामी तो यह है कि दान व चढ़ावे को कोई साक्ष्य ही नही है कि किसने क्या दान किया,कब दान किया, क्या दान किया। सुरक्षा व पारदर्शिता के लिए जो सीसीटीवी लगाए गए थे उसमें ऐसी व्यवस्था की गई थी कि सीसीटीवी फुटेज कितनी भी अहम हो वह ४५ दिन बाद डिलीट हो जाती थी। यानी दान,चढ़ावे, रुपए की गिनती में कोई गड़बड़ी की गई है तो उसका कोई सबूत नहीं है। एसआईटी का जांच के लिए सिर्फ ४५ दिन के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। यानी गड़बड़ी करने वालों ने जो गड़बड़ी की है,उसका कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं है।एसआईटी ने अपनी पहली रिपोर्ट सौंप दी है, उसमे चंपत राय समेत १७ लोगों की भूमिका को संदिग्ध बताया गया है। लोगों को सबसे बुरा यह जानकर लग रहा है कि एसआईटी को यह पता नहीं चल रहा है कि चढ़ावा आया कितना है और चोरी कितना हुआ है।मंदिर बन जाने के बाद करोड़ों लोगों ने अयोध्या मंदिर जाकर रामलला के दर्शन किए हैं। इससे करोड़ों का चढ़ावा मंदिर में आया है।बेतहाशा चढ़ावा आने के कारण मंदिर व्यवस्था मे लगे लोगों को प्रबंधन ठीक न होने के कारण लगा होगा कि वह इसमें चोरी कर सकते हैं और प्रबंधन की खामी के कारण ही चढ़ावे की चोरी हुई है। जो हो गया है इसका सबूत मिलने पर दोषी लोगों को सजा दिलाई जा सकती है लेकिन कोई सबूत न मिले तो किसे सजा दी जाएगी। मामला अदालत में जाएगा तो अदालत को सबूत देखेगी और बिना सबूत के किसी को सजा तो मिलने से रही। अब यह तो साफ हो गया है कि अयोध्या मंदिर में चढ़ावे व दान की चोरी व्यवस्था की खामी के कारण हुई है। अब वक्त इस व्यवस्था को सुधारने का है। अयोध्या में तकनीक से ही ऐसी व्यवस्था की सकती है कि चढ़ावे व दान में चोरी की कोई गुंजाइश ही न रहे।अभी कुछ व्यवस्था में सुधार शुरू हो गया है। जैसे सीसीटीवी फुटेज को अब १८० दिनों तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। बैकों नगदी भेजे जाने वाले बक्से में पहले एक ताला लगाया जाता था अब दो ताले की व्यवस्था की गई ताकि कोई एक व्यक्ति रास्ते में उसे खोल न सके।अयोध्या ही नहीं देश के ज्यादातर बड़े धार्मिक स्थलों में चढ़ावे व दान के रखरखाव की वही पुरानी पद्धति काम में लाई जा रही है,अभी तो हुंडी में डालों, बाद में खोलकर गिनती कर ली जाएगी कि कितना चढ़ावा आया।अब तो मशीन आ गई जिसमें पैसा जमा किया जा सकता है।मंदिर में ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि बड़े दानदाता को तुरंत मशीन से रसीद मिल जाए कि उसने कितना दान किया है, किस तारीख को दान किया है।इसमें तो रोज का रोज हिसाब हो सकता है कि कितना चढ़ावा आया और उसकाआनलाइन हिसाब रखा जा सकता है। ज्यादा दान देने वालों के लिए कैमरा रिकार्डिंग की व्यवस्था की जा सकती है।अच्छा तो यह हो कि रोज जितना दान आया उसे देश के लोग किसी पोर्टल पर देख भी सकें।अयोध्या में मंदिर में एक बार गड़बड़ी होने से लोगो का भरोसा कहीं कम तो हुआ है कि उसके दान की चोरी हो सकती है।इस भरोसे को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि लोग दान करें तो लगे कि अब वह चोरी नहीं हो सकता।इससे ट्रस्ट पर भी कोई आरोप नही लगाएगा। जब दान मे बहुत पैसा आता है तो वह व्यक्ति आस्था का सवाल नहीं रह जाता है,वह सार्वजनिक धन हो जाता है और सार्वजनिक धन एक जवाबदेही है। न तो उसका दुरुपयोग होना चाहिए और न ही चोरी होना चाहिए। हमारे देश में ऐसा विषय नहीं है जिस पर हमारे देश के राजनीतिक दल राजनीति नहीं कर सकते। ऐसे दल भी हैं जिनकी राम मंदिर व रामलला के प्रति कोई आस्था नहीं है लेकिन चढावा चोरी हो गया है तो उनको राजनीति करनी है, इसलिए राजनीति करनी है कि वह समझते हैं कि इससे वह यूपी के चुनाव में राजनीतिक लाभ उठा सकते हैं।हकीकत में जो दल भी अयोध्या में चोरी का मामला उठा रहे है उनकी मंशा हकीकत में सतातन का विरोध है, सनातन को बदनाम करना है।अयोध्या से सनातन का विस्तार हो रहा है और उनको पिछले १२ साल से इसका नुकसान हो रहा है, इसलिए वह सनातन का अपमान कर सनातन के प्रति बढ़ रहे भरोसे को कम करना चाहते हैं। ट्रस्ट पर सरकार,भाजपा ने भरोसा किया था वह भरोसे पर खरा नहीं उतरा। अब योगी सरकार खामी पता चलने के बाद व्यवस्था को सुधारने का काम करेगी और ऐसी व्यवस्था करेगी की दोबारा चढ़ावा व दान चोरी न हो।

**विश्लेषण**

# वेनेजुएला से चेतावनी: आपदाओं के प्रति तैयारी ही सबसे बड़ा बचाव

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर**



प्रकृति के सामने इंसान की सारी आधुनिकता, तकनीक और विकास कई बार बेबस दिखाई देते हैं।इस क्रम में दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून 2026 को आए भीषण भूकंप ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि प्राकृतिक आपदाएं किसी भी देश की व्यवस्था और विकास को कुछ ही क्षणों में चुनौती दे सकती हैं और मानव के वश में कुछ भी नहीं है। मीडिया में उपलब्ध खबरों के अनुसार गुरुवार सुबह केवल 40 सेकेंड के अंतराल में दो शक्तिशाली भूकंप आए। पहले भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 और दूसरे की 7.5 मापी गई। इसके बाद लगभग 20 आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र राजधानी कराकास के पश्चिम में स्थित याराकुय राज्य में बताया गया। झटके इतने तेज थे कि पड़ोसी देश कोलंबिया तक महसूस किए गए। तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी करनी पड़ी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार यह पिछले 126 वर्षों में वेनेजुएला का सबसे शक्तिशाली भूकंप माना जा रहा है।इस प्राकृतिक आपदा(शक्तिशाली भूकंप) ने भारी जन-धन की हानि पहुंचाई है। बड़ी संख्या में बहुमंजिला इमारतें भरभराकर ढह गईं। अनेक इलाके मलबे के ढेर में बदल गए और हजारों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है तथा हजारों लोग घायल हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। कई स्थानों पर मलबे के नीचे दबे लोगों के जीवित होने की आवाजें आने की खबरें हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि मृतकों की संख्या कई हजार तक



पहुंच सकती है। मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में अतिरिक्त कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को लाखों करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने देश में आपातकाल घोषित कर राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से गुजर रहे वेनेजुएला के लिए यह आपदा एक बड़ी परीक्षा बनकर सामने आई है। दुनिया के सक्षम देशों, विशेष रूप से अमेरिका, को मानवीय आधार पर सहायता के लिए आगे आना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सहयोग वेनेजुएला के पुनर्वास और पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वेनेजुएला का क्षेत्रफल राजस्थान से लगभग 2.7 गुना बड़ा है, जबकि उसकी जनसंख्या पंजाब या हरियाणा के लगभग बराबर है। देश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है।

यही कारण है कि भूकंप से हुई तबाही अपेक्षाकृत अधिक गंभीर रही। सामान्यतः ग्रामीण क्षेत्र भूकंप के प्रभाव को अपेक्षाकृत बेहतर ढंग से झेल लेते हैं, जबकि घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में ऊंची इमारतें और अव्यवस्थित निर्माण बड़े पैमाने पर जनहानि का कारण बनते हैं। यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि भूकंप संभावित क्षेत्रों में भवन निर्माण के दौरान उच्चतम सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होना चाहिए। इसी संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या दुनिया में भूकंप की घटनाएं बढ़ रही हैं। यद्यपि इसका कोई निश्चित उत्तर नहीं है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि भूकंप संभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता और बेहतर तैयारी की आवश्यकता है।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष औसतन 7 या उससे अधिक तीव्रता के लगभग 16 भूकंप आते हैं, जिनमें से सामान्यतः एक भूकंप 8 या उससे अधिक तीव्रता का होता है। इसलिए संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसे भवनों का निर्माण किया जाना चाहिए जो कम से कम 8 तीव्रता तक के भूकंपों को सहन करने में सक्षम हों। वेनेजुएला में पुनर्निर्माण के दौरान इस पहलू पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। यह त्रासदी केवल राहत और बचाव कार्यों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन की व्यापक समीक्षा का अवसर भी है।यह बात ठीक है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए भूकंपरोधी भवन निर्माण, प्रभावी चेतावनी प्रणाली, नियमित मॉक ड्रिल, जन-जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकास योजनाएं आवश्यक हैं।

यहां यह भी कहना चाहूंगा कि भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य तथा पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील हैं। वहीं हर वर्ष बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।जापान इस दिशा में दुनिया के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। वहां बार-बार भूकंप आने के बावजूद मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणालियों और व्यापक जन-जागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। भारत सहित अन्य देशों को भी इस अनुभव से सीख लेकर अपनी आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाना चाहिए।वेनेजुएला की त्रासदी पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। हर आपदा अपने साथ एक सबक लेकर आती है और यह आपदा भी हमें यही संदेश देती है कि विकास तभी सार्थक है जब वह सुरक्षित, वैज्ञानिक और प्रकृति के साथ संतुलित हो।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए खास रहेगा, क्योंकि घर में मेहमानों की चहल-पहल और खुशियों का माहौल बना रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को सलाह है कि कार्यस्थल पर छोटी-सी चूक से भी बचें। इसके अलावा कोई मिलने आपसे आज आ सकता है।

वृषभ आज एक बात विशेष रूप से ध्यान रखें, हर सुनी-सुनाई बात पर भरोसा न करें। सेहत परेशान कर सकती है। लेकिन भाग्य भी आज आपके प्रयासों का साथ देता दिखाई दे रहा है। लाभ मिलने की पूरी संभावनाएं हैं।

मिथुन मिथुन राशि वालों के लिए दिन सामान्य जैसा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। कार्यक्षेत्र में यदि किसी निर्णय को लेकर मन उलझा हुआ है, तो अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें। घूमने जाएंगे।

कर्क कर्क राशि वालों के घर में खुशियां बनी रहेगी। आज का दिन आपको सफलता और सावधानी दोनों का संदेश दे रहा है। लंबे समय से अटका हुआ कोई लेन-देन पूरा होने से मन को बड़ी राहत मिलेगी।

सिंह सिंह राशि वालों को थोड़ा धन को लेकर सतर्क रहना होगा। किसी भी निर्णय या वादे को करने से पहले अच्छी तरह विचार कर लें। मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी। व्यापारियों को लंबी यात्राओं से लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

कन्या कन्या राशि वालों को किसी अनजान व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना है। व्यापार में कोई नया मोड़ आप लेकर आएंगे। जनसंपर्क से जुड़े लोगों को आज नई पहचान और सम्मान प्राप्त होने की संभावना है।

तुला समय आपके लिए बदलावों को लेकर आएगा। दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे। वाहन से जुड़ा कोई छोटा खर्च अचानक सामने आ सकता है, इसलिए आर्थिक संतुलन बनाए रखें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें।

वृश्चिक यदि किसी नई साझेदारी का विचार है, तो पहले पूरी जानकारी अवश्य लें। समय आपके लिए कुछ अलग संदेश लेकर आसंतान के भविष्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है, लेकिन समय आपके पक्ष में काम करेगा।

धनु धनु राशि वालों के लिए समय खुशियां लेकर आएगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार में प्रेम और एकता का वातावरण बना रहेगा। कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

मकर समय और धन दोनों का सही प्रबंधन आज आपकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। परिवार की ओर से कोई ऐसी खबर मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न होगा। दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे।

कुंभ वैवाहिक जीवन में भी धैर्य और समझदारी बनाए रखना आवश्यक होगा। घर-परिवार का माहौल सकारात्मक रह सकता है। व्यापार में रुकी हुई कोई डील पूरी होने से आर्थिक स्थिति में मजबूती आने के संकेत हैं।

मीन व्यापार के मामलों में अनुकूलता बनी रहेगी। परिस्थितियों से घबराने के बजाय उन पर नियंत्रण रखना आपके लिए लाभदायक रहेगा। अपनी समझ और अनुभव पर भरोसा करना फायदेमंद रहेगा।

## सू- दोकू क्र.081

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -081


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्षम | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# भरोसे के रिश्तों के कत्ल से कांपता समाज

**ललित गर्ग**



पुणे के लोहगढ़ किले की ऊंची पहाड़ी से मंगेतर केतन अग्रवाल को धक्का देकर हत्या करने के आरोप में सिया गोयल की गिरफ्तारी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इससे पहले मेघालय में इंदौर के राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान कथित तौर पर पत्नी सोनम रघुवंशी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर की गई हत्या की घटना ने भी समाज को स्तब्ध किया था। ये घटनाएं केवल अपराध की श्रेणी में रखकर भुला देने योग्य नहीं हैं। ये उन मूल्यों, विश्वासों और रिश्तों की बुनियाद पर गहरा आघात हैं, जिन पर भारतीय समाज सदियों से खड़ा रहा है। भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो जीवन-दृष्टियों का मिलन माना गया है। विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। ऐसे में यदि कोई पति, पत्नी, मंगेतर या प्रेमी एक-दूसरे को जीवन का साथी मानने के बजाय बाधा और कांटा समझने लगे, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के संकट का संकेत है।

राजा रघुवंशी और केतन अग्रवाल जैसे मामलों में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि हत्याएं उन लोगों ने कीं, जिन पर सबसे अधिक विश्वास किया गया था। विश्वास का यह टूटना ही समाज को भयभीत करता है। किसी भी सभ्यता की शक्ति उसकी सैन्य या आर्थिक ताकत नहीं, बल्कि उसके रिश्तों में निहित भरोसा होता है। जब यह भरोसा टूटने लगता है, तब समाज भीतर से कमजोर होने लगता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि कोई युवती या युवक किसी रिश्ते से संतुष्ट नहीं है, तो क्या उसके सामने 'ना' कहने का विकल्प नहीं था? आधुनिक समाज ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पर्याप्त स्थान दिया है। सगाई तोड़ना, विवाह से इनकार करना, आपसी सहमति से अलग होना-ये सभी वैधानिक और सामाजिक विकल्प उपलब्ध हैं। फिर हत्या जैसी भयावह मानसिकता क्यों जन्म ले रही है? इस प्रश्न का उत्तर केवल कानून या पुलिस के पास नहीं है। इसके लिए समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, धर्माचार्यों और परिवार संस्थाओं को मिलकर मंथन करना होगा। आज का युवा एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां पारंपरिक मूल्य और आधुनिक जीवनशैली के बीच गहरा द्वंद्व मौजूद है। एक ओर परिवार की अपेक्षाएं हैं, दूसरी ओर व्यक्तिगत इच्छाएं। संवाद के अभाव में यह द्वंद्व कई बार मानसिक तनाव, विद्रोह और हिंसा का रूप ले लेता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड, निक्की यादव हत्याकांड, बेंगलुरु, दिल्ली और अन्य महानगरों में प्रेम-संबंधों से जुड़े अनेक जघन्य अपराध देखे हैं। इन घटनाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रेम, विवाह और संबंधों को लेकर समाज में गहरी अस्थिरता एवं अविश्वास बढ़ रहा है। यह अस्थिरता केवल स्त्री या पुरुष तक सीमित नहीं है, दोनों पक्षों में हिंसक प्रवृत्तियां दिखाई दे रही हैं। मोबाइल संस्कृति और डिजिटल संसार ने इस संकट को और जटिल बनाया है। मोबाइल फोन, जो कभी दूरियों को समाप्त करने का माध्यम था, आज अनेक मामलों में षडयंत्र, छल और अपराध का साधन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया ने तुलना, उपभोगवाद, त्वरित सुख और आभासी संबंधों को बढ़ावा दिया है। डिजिटल दुनिया में बने रिश्ते कई बार वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों और मर्यादाओं से कटे होते हैं। परिणामस्वरूप धैर्य, सहनशीलता और त्याग जैसी पारिवारिक जीवन की आवश्यक विशेषताएं कमजोर पड़ रही हैं। एक अन्य गंभीर पक्ष सांप्रदायिक अविश्वास और तथाकथित 'लव जिहाद' जैसे विवादों के संदर्भ में भी सामने आता है। जब प्रेम, विवाह या संबंधों का उपयोग छल, पहचान छिपाने, धार्मिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण अथवा भावनात्मक उत्पीड़न के लिए किया जाता है, तब केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि



समुदायों के बीच विश्वास का भी हनन होता है। यह आवश्यक है कि किसी भी प्रकार के संबंध पारदर्शिता, स्वेच्छा, समानता और ईमानदारी पर आधारित हों। पहचान छिपाकर, धोखे से अथवा किसी वैचारिक एजेंडे के तहत बनाए गए संबंध सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाते हैं। लेकिन इस विषय पर संतुलित दृष्टिकोण भी आवश्यक है। कुछ घटनाओं के आधार पर किसी सम्पूर्ण समुदाय को दोषी ठहराना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सामाजिक सद्भाव के लिए भी घातक है। भारत की शक्ति उसकी विविधता और सांप्रदायिक सौहार्द में निहित है। सदियों से विभिन्न धर्मों, जातियों और संस्कृतियों के लोग यहां पारस्परिक सम्मान और विश्वास के आधार पर साथ रहते आए हैं। अतः किसी भी अपराध को अपराधी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए, न कि पूरे समुदाय की पहचान के रूप में। हमें प्रेम के नाम पर छल का विरोध करना चाहिए, लेकिन साथ ही सामाजिक सौहार्द और मानवीय एकता को भी अक्षुण्ण रखना होगा। आज सबसे बड़ी चुनौती परिवार संस्था को पुनः सशक्त बनाने की है। संयुक्त परिवारों के विघटन, महानगरीय जीवन, एकाकीपन और अत्यधिक व्यस्तता ने परिवार के भीतर संवाद को कम कर दिया है। माता-पिता और बच्चों के बीच संवादहीनता बढ़ रही है। बच्चों को भौतिक सुविधाएं तो मिल रही हैं, लेकिन भावनात्मक सुरक्षा और मूल्यपरक संस्कार कम होते जा रहे हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में केवल रोजगारपरक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। वहां जीवन-कौशल, नैतिक शिक्षा, भावनात्मक संतुलन, संबंध प्रबंधन और पारिवारिक मूल्यों पर भी गंभीर कार्य होना चाहिए। युवा पीढ़ी को यह समझाना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं-उत्तरदायित्व है, संबंध का अर्थ उपभोग नहीं-समर्पण है और मतभेद का समाधान हिंसा नहीं-संवाद है। धर्म और आध्यात्मिक संस्थाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी धर्म प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। यदि धार्मिक संस्थाएं युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों, आत्मसंयम और संवाद की संस्कृति से जोड़ें, तो अनेक सामाजिक विकृतियों को रोका जा सकता है। आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जैसे चिंतकों ने सदैव चरित्र, नैतिकता और आत्मानुशासन को समाज की आधारशिला माना। पुणे और मेघालय की घटनाओं ने हमें चेतावनी दी है कि यदि हम अभी नहीं चेते, तो रिश्तों का संकट और गहरा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम परिवार, समाज और राष्ट्र-तीनों स्तरों पर विश्वास की पुनर्स्थापना का अभियान चलाएं। परिवारों में संवाद बढ़े, युवाओं को निर्णय की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का बोध कराया जाए, डिजिटल संस्कृति पर संयम हो और सामाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाया जाए। सभ्यता की पहचान ऊंची इमारतों, तकनीकी प्रगति और आर्थिक समृद्धि से नहीं होतीय उसकी पहचान इस बात से होती है कि वहां लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। यदि भरोसा टूट गया, तो समाज की आत्मा घायल हो जाएगी। इसलिए आज का सबसे बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है-रिश्तों के भरोसे को बचाना, मानवीय संवेदनाओं को पुनर्जीवित करना और प्रेम, विश्वास तथा सौहार्द की उस परंपरा को मजबूत करना, जिसने भारतीय समाज को सदियों से जीवंत बनाए रखा है। आज भारतीय समाज जिस संक्रमणकाल से गुजर रहा है, उसमें रिश्तों का संकट केवल पति-पत्नी अथवा प्रेम-संबंधों तक सीमित नहीं रह गया है। एक ओर पुणे और मेघालय जैसी घटनाएं भरोसे के रिश्तों की हत्या कर रही हैं, तो दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही के कारण अस्पतालों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर आगजनी एवं दुर्घटनाओं में मासूमों की मौतें व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को तोड़ रही हैं। सांप्रदायिक तनाव, धार्मिक कट्टरता, पहचान छिपाकर बनाए जाने वाले संबंध, प्रेम के नाम पर छल और शोषण जैसी घटनाएं भी सामाजिक सौहार्द की नींव को कमजोर कर रही हैं। भौतिकता, उपभोक्तावाद और अंधी प्रतिस्पर्धा की आंधी ने संयम, सादगी, त्याग और पारिवारिक मर्यादाओं जैसे जीवन-मूल्यों को हाशिए पर धकेल दिया है। वहीं नशे का बढ़ता प्रचलन, शराब और मादक पदार्थों की लत युवा पीढ़ी को परिवार और समाज से काटकर हिंसा, अपराध और संवेदनहीनता की ओर ले जा रही है। जब समाज में व्यक्ति अपने स्वार्थ, वासना और तात्कालिक सुख को ही सर्वोच्च मानने लगे, तब रिश्ते साधना नहीं, सौदे बन जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि परिवार, शिक्षा, धर्म, मीडिया और शासन-सभी मिलकर मानवीय मूल्यों, पारदर्शिता, संवाद, नैतिकता और पारस्परिक सम्मान की संस्कृति को पुनर्जीवित करें। क्योंकि यदि मानवीय रिश्तों की बुनियाद ही हिल गई, तो न केवल परिवार टूटेंगे, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और सभ्यता का पूरा ढांचा भी संकट में पड़ जाएगा।

नक्सलवाद के खात्मे में बस्तर मीडिया की भूमिका अहम, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी अटल उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित हुए जिले के पत्रकार

# देवर्षि नारद जयंती पर दंतेवाड़ा में पत्रकारिता संवाद समारोह का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 26 जून।** देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर श्री माधव सेवा समिति गीदम के तत्वावधान में दंतेवाड़ा ग्रंथालय में उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकार, स्तंभकार एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीकृष्ण मुरारी त्रिपाठी 'अटल' मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव ने की।

अपने संबोधन में श्री त्रिपाठी ने कहा कि सशस्त्र माओवाद के कमजोर पड़ने के बाद अब देश के सामने ÷अर्बन नक्सलवाद÷ जैसी नई चुनौती उभर रही है, जिससे वैचारिक स्तर पर लड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज को सही दिशा देना और सकारात्मक परिवर्तन लाना होना चाहिए।उन्होंने बस्तर की मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि नक्सलवाद के खात्मे में यहां के पत्रकारों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारिता कई चुनौतियों से गुजर रही है, बावजूद इसके दंतेवाड़ा के स्थानीय पत्रकार सकारात्मक सोच के साथ क्षेत्रीय विकास में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव ने कहा कि पत्रकारिता का स्तर लगातार गिरना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मीडिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए गंभीर चिंतन और अध्ययनशीलता बेहद जरूरी है। उन्होंने नई पीढ़ी के पत्रकारों से निरंतर अध्ययन और जिम्मेदार पत्रकारिता को अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर पत्रकार आजाद सक्सेना, रमेश कागदेलवार एवं रेणुका सिंह को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम में माधव सेवा समिति की गतिविधियों की जानकारी मिश्री लाल झाड़े ने दी, जबकि संचालन वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अवधेश अवस्थी ने रोचक एवं प्रभावशाली अंदाज में किया।आयोजन में चंद्रकांत क्षत्रिय, अर्जुन पाण्डे, कवि सिन्हा, दिनेश गुप्ता, अनीष परिहार, आशु भदौरिया, राजेन्द्र सक्सेना, श्री बैरागी, नफीज कुरैशी, जितेन्द्र चौधरी सहित जिले भर के अनेक पत्रकार एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। सभी ने पत्रकारिता से जुड़े समसामयिक विषयों पर सारगर्भित विचार रखे।हर वर्ष आयोजित होने वाला यह समारोह सशक्त, सकारात्मक और जनपक्षीय पत्रकारिता के प्रति श्री माधव सेवा समिति के संकल्प को प्रदर्शित करता है।

शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे सशक्त माध्यमः कलेक्टर

## शाला प्रवेशोत्सव में नौनिहालों का भव्य स्वागत पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 जून।** नए शिक्षा सत्र में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन चिन्नाकोडेपाल में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का फूलमाला, तिलक, गुलाल एवं लड्डू के साथ आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकें भेंट कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया।कलेक्टर विश्वदीप ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। आज के ये नौनिहाल कल देश और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कलेक्टर ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा शिक्षकों से पूरी निष्ठा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करती है।जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सम्मान, प्रतिष्ठा और बेहतर अवसर शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ते हुए नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें।कार्यक्रम में एसडीएम जागेश्वर कौशल, वरिष्ठ नागरिक घासी राम नाग, सांसद प्रतिनिधि जिलाराम राणा जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय बीईओ नागेश्वर निषाद, बीआरसी राजेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### सावधान! कहीं आपके पास भी तो नहीं आया फर्जी ई-चालान का लिंक

**जगदलपुर, 25 जून ।** यदि आपके मोबाइल पर भी अचानक कोई ई-चालान भुगतान करने का मैसेज आया है, तो बेहद सावधान हो जाइए क्योंकि यह आपके बैंक खाते को खाली करने की साइबर अपराधियों की एक सोची-समझी साजिश हो सकती है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा आज गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए एक बेहद जरूरी सुरक्षा चेतावनी जारी की गई है। विभाग के मुताबिक, आजकल कुछ साइबर अपराधी आम नागरिकों को भ्रमित करने के लिए नकली यानी फर्जी ई-चालान लिंक भेज रहे हैं, जिन्हें मुख्य रूप से एसएमएस, व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से अज्ञात मोबाइल नंबरों द्वारा भेजा जाता है। ये फर्जी लिंक हुबहू असली सरकारी पोर्टल की तरह दिखने वाली नकली वेबसाइटों पर ले जाते हैं, जहां नागरिकों को डरा-धमकाकर उनके बैंकिंग और कार्ड विवरण चोरी करने का प्रयास किया जाता है।परिवहन विभाग ने साइबर ठगों के इस जाल को पहचानने के लिए कुछ महत्वपूर्ण संकेत भी साझा किए हैं। ऐसे फर्जी लिंक अक्सर किसी अज्ञात मोबाइल नंबर या व्हाट्सएप नंबर से आते हैं और इनके यूआरएल में आधिकारिक जीओवी डॉट इन की जगह अलग और संदिग्ध डोमेन जैसे कि डॉट एक्सवायजेड, डॉट क्लिक, या डॉट लाइव का इस्तेमाल किया जाता है। नागरिकों को मानसिक दबाव में लेने के लिए इन संदेशों में संदेह में तुरंत भुगतान करने या ऐसा न करने पर सीधे कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जाती है। जैसे ही कोई उपयोगकर्ता इस लिंक को खोलता है, वेबसाइट पर सीधे कार्ड या यूपीआई डिटेल्स मांगी जाती है, और कई मामलों में तो एपीके फाइल या कोई ऐप डाउनलोड करने को कहा जाता है जो असल में एक खतरनाक मालवेयर हो सकता है।

### धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक आईडी अनिवार्य एक जुलाई से शुरू होगा नवीन पंजीकरण

**जगदलपुर, 26 जून।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी को अधिक सुदृढ़, सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए बस्तर जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर आकाश छिकारा ने शासन की मंशानुरूप एक नई व जवाबदेह व्यवस्था के तहत किसान पंजीकरण की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश जारी किए हैं। इस बार धान उपार्जन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और एकीकृत करने के उद्देश्य से एग्रीस्टेक आईडी (फार्मर आईडी) को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे किसानों को अब अलग से एकीकृत किसान पोर्टल पर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार विभागीय वेबसाइट द्रष्द्य.ष्द्द.द्दश्1.द्बठ्ठ के ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल के माध्यम से नवीन पंजीकरण और संशोधन का कार्य 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में तकनीकी सुधारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवल एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रविष्ट धान के रकबे को ही खरीदी हेतु मान्य किया जाएगा, जिसकी प्रविष्टि अवधि 15 अगस्त से 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित है।

## हाटपदमूर में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,26 जून।** माध्यमिक शाला हाटपदमूर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव एवं पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिलदास के निर्देशन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्रधान पाठक के. मुरलीधर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हाटपदमूर के सरपंच मानसाय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच मानसाय बघेल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। नई गणवेश और पुस्तकें मिलने से बच्चों एवं उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। पालक-शिक्षक बैठक में अभिभावकों से बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे बच्चों को कृषि एवं अन्य कार्यों में न लगाकर नियमित शिक्षा के लिए विद्यालय भेजें। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामू कश्यप, शिक्षाविद राजा राम नाग, स्वसहायता समूह की अध्यक्ष अंजू बघेल, सचिव गजमती ठाकुर, शिक्षिका तुलिका ठाकुर, चंदुभान कुरे, प्रियंका महापात्रे, अश्विनी कुमार टोण्डरे, महेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

## सड़कों पर लोहे के पहिए (केजव्हील) वाले ट्रैक्टर चलाने पर होगी कार्रवाई

**जगदलपुर, 26 जून।** जिला प्रशासन अब सड़कों की सेहत बिगाड़ने और हादसों को न्योता देने वाले लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने जा रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा इस बारे में जारी कड़े दिशा-निर्देशों के तहत खेतों में इस्तेमाल होने वाले लोहे के नुकीले पहियों (आयरन केजव्हील) वाले ट्रैक्टरों को सामान्य और सीमेंट की सड़कों पर दौड़ाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर जनहित याचिका के आदेशों और लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी हालिया दिशा-निर्देशों के परिपालन में यह सख्त कदम उठाया गया है। ऐसा करते पाए जाने पर अब ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के खिलाफ सीधे चालानी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग के मुताबिक किसान अक्सर खेतों में जुताई के लिए ट्रैक्टरों में लोहे के रिंग या दोहरे पिंजरों वाले पहिए (केजव्हील) लगाते हैं, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर इन्हें हटाए बिना ही वाहनों को सीधे डामर और सीमेंट की मुख्य सड़कों या राष्ट्रीय राजमार्गों पर दौड़ा दिया जाता है। बिना रबर टायर के इन लोहे के नुकीले पहियों के चलने से सड़कें बुरी तरह उखड़ और टूट रही हैं, जिससे न केवल सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि आम राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का जोखिम भी कई गुना बढ़ गया है, जो मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर के निर्देशों के तहत अब इस मुहिम को सिर्फ दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसके समानांतर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत ग्रामीणों को मोटरयान नियमों की जानकारी दी जाएगी ताकि वे खुद इन नियमों के प्रति सचेत और जागरूक हो सकें। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद अब जिला व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुहिम के तौर पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं प्रशासन ने चेतावनी दी है ।

## आपसी विवाद पर युवक की हत्या



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जून।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम डूमर में आपसी विवाद के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई 25 जून की देर रात करीब 12 बजे पानी टंकी के पास सो रहे चेतन ठाकुर का सिर भारी वस्तु से कुचलकर उसकी हत्या की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चेतन ठाकुर पानी टंकी के पास सो रहा था, तभी आरोपी ने उस पर भारी वस्तु से हमला किया।

सिर पर गंभीर चोट लगने से चेतन की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की हत्या की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच और नंदिनी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई की टीम ने संदेही रैनू राम यादव (22 साल ) को हिरासत में लिया। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसे हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह आपसी विवाद सामने आई है पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच जारी है आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है नंदिनी थाने पुलिस हत्या में इस्तेमाल भारी वस्तु और अन्य सबूत जुटाने में भी लगी हुई है ।

### पल्स पोलियो एवं मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान पर समीक्षा बैठक

**जगदलपुर, 26 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में जिला टीकाकरण अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में आज गुरूवार को आयोजित बैठक के दौरान मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को आगामी पल्स पोलियो अभियान, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान और आरसीएच पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टियों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने पड़ोसी देशों में पोलियो के सक्रिय मामलों का हवाला दिया और विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगामी 28 जून से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कोल्ड चेन प्रबंधन और वैक्सीन की सुरक्षा को सर्वोपरि बताया। स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वैक्सीन वायल मॉनिटर स्टेज 2 तक ही उपयोगी होता है।

हाईकोर्ट ने नेत्र सहायक के भानपुरी अटैचमेंट पर दिया स्थगन आदेश, विभाग की किरकिरी

# स्वास्थ्य संचालनालय के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 जून।** स्वास्थ्य अमले में अधिकारियों द्वारा चहेतों को उपकृत करने और सांठगांठ के चलते अटैचमेंट संलग्नीकरण का खेल लंबे समय से जारी है। विधानसभा में इस मुद्दे पर कड़े विरोध के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में घोषणा की थी कि सभी संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं। इसके बाद संचालनालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्य के सभी जेडीए सीएमएचओ और सिविल सर्जनों को आदेश जारी कर इस प्रथा को बंद करने का निर्देश दिया था।इसके बावजूद बस्तर जिले में प्रशासनिक अधिकारी इस आदेश को रद्दी की टोकरी में डालते नजर आ रहे हैंए जिस पर श्तरुण छत्तीसगढ़ लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित कर रहा है।



स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट का खेल जारी

नेत्र विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कलेक्टर की टीएल बैठक और प्रशासनिक नियंत्रण पर उठे सवाल**



हैरानी की बात यह है कि जिले के मुखिया जिलाधीश द्वारा प्रत्येक सप्ताह समय-सीमा की बैठक ली जाती है जिसमें शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा होती है। इसके बावजूद जिले में संलग्नीकरण का यह गोरखधंधा धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। शासन और मंत्री के आदेशों की सरेआम अवहेलना होना अब जिलाधीश की प्रशासनिक नियंत्रण क्षमता पर भी गंभीर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

### नियम विरुद्ध आदेश न मानने पर दी सजाय कोर्ट ने कहा पूर्वाग्रह से ग्रसित

ताजा मामला महारानी अस्पताल जगदलपुर का है। यहाँ पदस्थ नेत्र सहायक के हनुमंत राव को वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके नियम विरुद्ध कार्यों को नहीं करने से नाराज अधिकारियों ने उन्हें संलग्नीकरण के नाम पर उन्ह मुख्यालय से दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी भानपुरा संग्लन कर दिया था। अधिकारियों की इस मनमानी के खिलाफ राव ने उच्च न्यायालय हाईकोर्ट की शरण ली।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया और स्पष्ट किया कि नियम विरुद्ध तथा अवैधानिक रूप से पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर जारी किया गया ऐसा संलग्नीकरण आदेश नियमवृद्ध है। न्यायालय ने तत्काल प्रभाव से इस आदेश पर स्थगन स्टे जारी कर दिया है। इस प्रकार विभाग प्रमुख अपने प्रशासनिक अधिकार का अटैक करने व शत्रुता वश बेजा इस्तेमाल कर रहे हैं। पीड़ित कर्मचारियों को नोडल अधिकारी व जिलाधीश से भी सुनवाई नहीं होने तथा राहत नहीं मिलने से धन राशि व समय जाया कर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने विवश होना पड़ रहा है।

**मुख्यालय में जमे चाटुकार, अंदरूनी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं ठप**

स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य कई विभागों में यह खेल वर्षों से चल रहा है। कई कर्मचारी कागजों पर दूर.दराज और अंदरूनी क्षेत्रों में पदस्थ हैंए लेकिन अधिकारियों से सेटिंग कर वर्षों से जिला मुख्यालय में ही डटे हुए हैं। इसके कारण ग्रामीण व संवेदनशील क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।

## भाजपा राज में उर्वरक घोटाला उजागर,कांग्रेस जांच समिति के दबाव में जागा कृषि विभाग: रेखचंद जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 जून।** राजीव भवन जगदलपुर में ग्राम नानगुर में उर्वरक की चोरी को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को सात सदस्यी जांच समिति, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी व शहर महामंत्री अभिषेक नायडू की उपस्थिति में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में कृषि क्षेत्र पूरी तरह संकट में है और किसानों के साथ खुलेआम अन्याय हो रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने उर्वरक घोटाले का भंडाफोड़ करते हुए बताया कि %अनन्या कृषि केंद्र% के निजी गोदाम को कृषि विभाग द्वारा अनियमितताओं के चलते सील किया गया था। लेकिन घोर लापरवाही और प्रशासनिक नाकामी का परिचय देते हुए, पंचनामा बनाकर वह गोदाम उन्हीं आरोपियों के सुपुर्द कर दिया गया, और इसकी भनक पुलिस विभाग तक को नहीं लगने दी गई।उन्होंने आंकड़ों के साथ खुलासा कर कहा कि गोदाम में रखी 338 बोरी पोटाश का कोई वैध दस्तावेज नहीं था।1320 बोरी यूरिया को रिपा गोठान में रखा गया था, जो सीलबंद था।आरोपियों ने बेखौफ होकर इस सरकारी सील को तोड़ा और पूरी खाद को अवैध रूप से बाजार में बेच दिया।जैन ने कहा कि इस पूरे घोटाले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन जैसे ही कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए अपनी समिति गठित की, कृषि विभाग की नींद टूटी। कांग्रेस जांच समिति के दबाव में आकर विभाग ने आनन-फानन में जांच दल बनाया और एफआईआर (स्नढ्ढक्र) दर्ज कराई। मामले में दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनन्या कृषि केंद्र के संचालक का लाइसेंस निरस्त किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर विभाग अब तक किस दबाव में शांत बैठा था? पत्रकार वार्ता में रेखचंद जैन ने किसानों की आर्थिक बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों की कीमतों में 40 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि कर दी गई है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। स्थानीय स्तर पर खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों की फसलों पर संकट मंडरा रहा है और वे पड़ोसी राज्य उड़ीसा से ब्लैक (कालेबाजार) में खाद खरीदने को मजबूर हैं।पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार केवल कागजों और बयानों में बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। आज प्रदेश का किसान कृषि संकट, पेट्रोल-डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों व अभूतपूर्व महंगाई से त्रस्त है। भाजपा सरकार को इन बुनियादी मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग है कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाली भाजपा सरकार किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कना बंद करे और तत्काल किसानों को राहत देते हुए आगामी धान खरीदी के लिए ?4000 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की राशि देने की घोषणा करे।

## बंजारी घाट में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले ड्राइवर ताम्रध्वज साहू का परिवार पहुंचा गीदम थाना

■ मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग

■ न्याय नहीं मिलने पर प्रदेशभर में ड्राइवर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 26 जून ।** बंजारी घाट में आत्महत्या करने वाले वाहन चालक ताम्रध्वज साहू का परिवार गुरुवार सुबह गीदम थाने पहुंचा, पीड़ित परिवार के साथ ड्राइवर संघ , साहू समाज समेत अन्य लोग भी पहुंचे थे । आरोप है कि गीदम थाने में पीड़ित पक्ष को नहीं सुना जा रहा है, इस मामले में पीड़ित परिवार से यहां पहुंचे मृतक की मां हीरोंदी बाई व चाचा पवन कुमार , शम्भु राम साहू ने बताया कि पुलिस हमारे पक्ष को नहीं लिख रही है हमें न्याय चाहिए। इसके साथ ही मृतक के इंस्टाग्राम आईडी से दो वीडियो भी डिलीट किए जाने का परिवार ने दावा किया है। परिजनों ने आगे बताया कि आत्महत्या की घटना के बाद से मृतक का मोबाइल पुलिस के पास ही है जिसमें से आत्महत्या से जुड़े 2 वीडियो डिलीट किए गए है । हालांकि थाने में कई घंटे बीत जाने के बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तरफ से देर शाम बयान लेना शुरू किया ।

### ये है मामला

दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र के बंजारी घाट में 12 जून को एक ट्रक व मर्सिडीज कार में भिड़ंत हो गई थी । इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ताम्रध्वज साहू का शव घटना स्थल के पास फांसी के फंदे में मिला पाया गया था जिसे मर्ग कायम किया गया । बताया जा रहा है कि मृतक ट्रक चालक ने अपने इंस्टाग्राम आईडी में 8 वीडियो अपलोड किए थे जिसमें उसने आत्महत्या का कारण बताया था । वीडियो में मृतक ने बताया कि ट्रक व मर्सिडीज की भिड़ंत के बाद मर्सिडीज सवारों ने उनसे मारपीट की और मानसिक प्रताड़ित भी किया पैसे की भरपाई नहीं करने पर ट्रक चालक के साथ-साथ उसके परिवार के लिए भी धमकी दी । इधर ट्रक चालक के साथ ट्रक में सवार रहे उसके साथी हेमसिंह ने गुरुवार को मीडिया को जानकारी देते बताया कि ट्रक व मर्सिडीज की हुई भिड़ंत के समय वह ताम्रध्वज के साथ ट्रक में थे। दुर्घटना के दौरान जब वह दोनों ट्रक से नीचे उतरे तभी मर्सिडीज से दो लोग उतरे उन्होंने खूब गालियां दी और धमकी देते हुए ताम्रध्वज के साथ मारपीट किया फोन लगाकर वे और लोगों को बुला रहे थे इस दौरान ताम्रध्वज ने हेमसिंह को वापस जाने के लिए कहा था जिसके बाद हेमसिंह दुर्घटना स्थल से वापस चला गया । गुरुवार को जब पीड़ित परिवार गीदम थाने पहुंचा तब मृत ट्रक चालक के साथी हेमसिंह का बयान नहीं लिया जा रहा था जिसके चलते काफी देर तक गीदम थाने में पुलिस के प्रति पीड़ित पक्ष के लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिली हालांकि कई घंटे बीत जाने के बाद मृत वाहन चालक के साथी का बयान लेना शुरू किया गया। इधर बयान के आधार पर जांच कर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है । गीदम थाना प्रभारी अमित बेरिया ने बताया कि मृतक के पक्ष की तरफ से बयान देने आज थाने पहुंचे हुए है जिनका बयान लिया जा रहा है और जांच कर आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

### न्याय नहीं मिलने पर ड्राइवर एकता संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

इधर इस मामले में निष्पक्ष जांच कर न्याय नहीं मिलने पर छग के ड्राइवर एकता संघ ने पूरे प्रदेश भर में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संघ के प्रदेश संयोजक जितेंद्र शुक्ला ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, पीड़ित परिवार के साथ आज हम गीदम थाना आए है पुलिस का सहयोग उन्हें ठीक से नहीं मिल रहा है । जिस दिन यह दुर्घटना हुई दुर्घटना के बाद ताम्रध्वज को मर्सिडीज वालो ने मारने की धमकियां दी, करोड़ों रुपए वसूलने की धमकी दी इसी डर से ताम्रध्वज ने आत्महत्या कर ली और आत्महत्या करने से पहले ताम्रध्वज ने सोशल मीडिया में वीडियो भी अपलोड किए जो सबसे बड़ा साक्ष्य है । पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाने नहीं लाया उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया ऐसे में पुलिस की जांच भी प्रभावित होती लग रही है । इस मामले की निष्पक्ष जांच कर हम न्याय की मांग करते है नहीं तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर छग ड्राइवर महासंगठन दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष मनीष पांडे समेत ड्राइवर संघ के सदस्य भी मौजूद रहे।

### कमाने वाला बेटा चला गया

मृतक की मां ने बताया कि 9 साल पहले पति चल बसे, तीन बेटे थे जिसमें घर चलाने वाला बड़ा बेटा भी चला गया अब सिर्फ दो ही बेटे है जो स्कूल की पढ़ाई करते है । मुझे सरकार से निष्पक्ष जांच कर बड़े बेटे के लिए न्याय चाहिए ।

## एक नजर

### रेडक्रॉस व मेडिकल कॉलेज के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर संपन्न, 716 यूनिट रक्त संग्रह




**रायगढ़, 26 जून ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के सहयोग से जिले के विभिन्न इकाइयों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन अदानी कोल माइन्स गारे पेलमा, अम्बूजा सीमेंट लिमिटेड गारे पेलमा कोल माइन्स, अदानी पावर लिमिटेड छोटे भंडार तथा अदानी प्रोजेक्ट लिमिटेड छोटे भंडार में किया गया। शिविर का शुभारंभ संबंधित अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।शिविर में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। अम्बूजा सीमेंट लिमिटेड में 61 यूनिट, अदानी कोल माइन्स गारे पेलमा-में 135 यूनिट, अदानी पावर लिमिटेड में 251 यूनिट तथा अदानी प्रोजेक्ट लिमिटेड में 269 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 716 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी संस्थाओं, रक्तदाताओं एवं सहयोगी चिकित्सकीय दलों का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी रक्तदान शिविरों के आयोजन में सहयोग देने का आग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारियों, किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय तथा संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति चिकित्सालय रायगढ़ के चिकित्सकीय दल का विशेष योगदान रहा।

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग कार्यक्रम के लिए तिथि निर्धारित

**रायगढ़, 26 जून ।** राज्य स्तरीय, आदिम जाति जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान द्वारा संचालित रायगढ़ जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग किया जाना है। कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा परिणाम में प्रावीण्य सूची के आधार पर काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग हेतु तिथि निर्धारित किया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तरीय काउंसलिंग 30 जून एवं 1 जुलाई 2026 को, जिला स्तरीय काउंसलिंग 2 जुलाई को तथा राज्य स्तरीय काउंसलिंग 3 जुलाई 2026 को आयोजित होगी। विशेष पिछड़ी जनजाति समूह एवं शासन के दिशा-निर्देशों में वर्णित विशेष आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 4 जुलाई को काउंसलिंग रखी गई है। वहीं 6 जुलाई को आरक्षित दिवस निर्धारित किया गया है। जिसमें पूर्व निर्धारित तिथियों में किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा। काउंसलिंग जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार खरसिया (संचालित स्थान बालक आश्रम चोढ़ा), एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिसरिंगा धरमजयगढ़ (संचालित स्थान प्री.मै.बालिका छात्रावास धरमजयगढ़), एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हीरापुर लैलूंगा (संचालित स्थान प्री.मै.बालक छात्रावास धरमजयगढ़) में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

### धरमजयगढ़ में आम और मिश्रित बागवानी बनी ग्रामीण समृद्धि की नई पहचान

**रायगढ़, 26 जून ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में रायगढ़ जिले में नवाचार आधारित प्रयास सफल परिणाम देने लगे हैं। जिले के सुदूर वनांचल विकासखंड लैलूंगा में जहां जवाफूल चावल किसानों की आय का नया स्रोत बन रहा है, वहीं विकासखंड धरमजयगढ़ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत विकसित आम एवं मिश्रित फल बागवानी किसानों की आर्थिक उन्नति का मजबूत आधार बनकर उभरी है।धरमजयगढ़ की 24 ग्राम पंचायतों में लगभग 164.47 लाख रुपये की लागत से संचालित 140 आम एवं मिश्रित फल बागवानी कार्य आज ग्रामीण आजीविका संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बन गए हैं। जिला प्रशासन रायगढ़, जनपद पंचायत धरमजयगढ़, मनरेगा अमले तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के समन्वित प्रयासों से यह पहल ग्रामीणों के लिए दीर्घकालिक आय का माध्यम बन रही है। क्षेत्र में कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर परिवारों के सामने स्थायी आय के सीमित अवसर, भूजल स्तर में गिरावट तथा हरित आवरण में कमी जैसी चुनौतियां थीं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फल बागवानी को रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी साधन के रूप में विकसित किया गया।

---

सम्मान और सुरक्षा के बेहतर जीवन-यापन का जरिया बन रही प्रधानमंत्री आवास योजना

# मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में साकार हो रहा पक्के आवास का सपना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 जून ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश के लाखों जरूरतमंद परिवारों का पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केवल एक आवासीय योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का नया अध्याय लिखने का माध्यम बन रही है। इस योजना के जरिए ऐसे परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जो वर्षों से कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर थे।

रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव निवासी ललित कुमार राठिया भी उन हितग्राहियों में शामिल हैं, जिनके जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने सकारात्मक बदलाव लाया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले ललित कुमार राठिया मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति ही बड़ी चुनौती थी। ऐसे में स्वयं का पक्का मकान बनाना उनके लिए लगभग असंभव था। ललित कुमार राठिया का परिवार वर्षों तक मिट्टी और खपरैल से बने कच्चे मकान में निवास करता रहा। बरसात के मौसम में घर की छत से पानी टपकता था और दीवारों में नमी भर जाती थी। कई बार लगातार बारिश होने पर घर के भीतर पानी तक भर जाता था, जिससे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और परिवार हमेशा किसी अनहोनी की आशंका से घिरा रहता था।

परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे स्वयं अपने संसाधनों से पक्का मकान बना सकें। इसी दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनका चयन हुआ और उन्हें शासन से आवास निर्माण के लिए सहायता राशि स्वीकृत हुई। योजना का लाभ मिलने के बाद उन्होंने अपने सपनों के घर का निर्माण कार्य शुरू किया और कुछ ही समय में उनका पक्का आवास तैयार हो गया। आज ललित कुमार राठिया का परिवार अपने नए पक्के घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहा है। मजबूत दीवारें और पक्की छत उन्हें हर मौसम में सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। घर का वातावरण स्वच्छ और व्यवस्थित होने से परिवार के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिला है और परिवार का सामाजिक सम्मान भी बढ़ा है।

वे कहते हैं कि अपना घर होना केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। आज हमारे पास मजबूत और सुरक्षित घर है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमारे परिवार का जीवन बदल दिया है। अब हम सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवन जी रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में व्यापक परिवर्तन ला रही है। यह योजना केवल पक्के मकान उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को सुरक्षित भविष्य, बेहतर जीवन

---

# जनता त्रस्त-जनप्रतिनिधि मस्त, कुरूद नगर पालिका पर आम आदमी पार्टी का हमला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद,26 जून।** नगर पालिका कुरूद की कार्यप्रणाली को लेकर आम आदमी पार्टी ने तीखा हमला बोला है, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव ने आरोप लगाया है कि नगर की जनता विभिन्न मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी आम लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

विनोद सचदेव अध्यक्ष आम आदमी पार्टी जिला धमतरी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष अपने पालिका कार्यालय में आम नागरिकों को शायद ही कभी उपलब्ध होती हैं। लोग पानी, सफाई, सड़क, नाली , विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर नगर पालिका के चक्कर काटते रहते हैं, नहीं मिलने के कारण उनकी सुनवाई नहीं हो पाती है वे वहां से निराश होकर लौटते हैं वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) भी लंबे अंतराल के बाद कार्यालय में दिखाई देते हैं, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि नगर में कई विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है। नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। कई वार्डों में नालियां बज बज रही है ,गंदगी से भरा पड़ा हैं, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति बदहाल है वही वृंदावन सरोवर तालाब के पास के शौचालय के बारे में वार्ड के लोक शिकायत करके थक चुके हैं यहां तक जन समस्या शिकायत निवारण शिविर में भी आवेदन लगा चुके हैं ।और नियमित सफाई नहीं होने से नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है।

सचदेव ने कहा कि छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं। लोग अपनी समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी के के जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव के पास पहुंच रहे हैं। और नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता से असंतोष जता रहे हैं। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधि केवल फोटो खिंचवाने और दिखावटी सफाई अभियान तक सीमित रह गए हैं, जबकि वास्तविक समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है महीने बीत जाने के बाद भी आज तक नगर में जगह-जगह नशे का कारोबार गंज गोली बिक रहा है नगर में जगह-जगह में मयखाना बन गए हैं?। नगर के नालीपार ,खेल मैदान,खुली जगहों में शराब पीने वाले मैं खाना बना कर पी रहे हैं। शुध लेने वाला कोई नहीं है। और नशे का कारोबार दिन दो गुना रात चौगुनी बड़ी है।

---

### एआई,इएंडडी गवर्नेंस विषय पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स हेतु पंजीयन 30 जून तक

**रायगढ़, 26 जून।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्शन एंड डेमोक्रेटिक गवर्नेंस विषय पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक कोई भी शासकीय सेवक 30 जून तक पंजीयन कर सकते है।

---

# चिखली बाजार में आयुष चिकित्सा शिविर, 475 ग्रामीणों ने उठाया लाभ




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 जून ।** कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. गौराहा के मार्गदर्शन में विकासखंड पुसौर के चिखली बाजार में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ डीडीसी लक्ष्मी जीवन पटेल, बीडीसी श्रीमती सविता भोय, चिखली सरपंच खेंमप्रसाद साव, सुपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, जिला कार्यसमिति सदस्य विद्यानंद प्रधान, अनिल गुप्ता, दिनेश नायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भगवान धनवंतरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

#### आयुर्वेद की उपयोगिता बताकर लोगों को किया जागरूक

शिविर में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की महत्ता बताते हुए इसे अपनाने की अपील की। शिविर प्रभारी डॉ. अजय नायक ने कहा कि आयुर्वेद विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसके माध्यम से बिना किसी दुष्प्रभाव के कई बीमारियों का उपचार संभव है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि पुराने और जटिल रोगों के उपचार के लिए स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन, जानु बस्ती, कटि बस्ती, रक्तमोक्षण, अग्निकर्म और जालौका जैसी आयुर्वेदिक विधियों का उपयोग किया जा रहा है, जो लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही हैं।

#### 475 लोगों का उपचार, 145 की हुई रक्त जांच

चिकित्सा शिविर में संधिवात, आमवात, चर्म रोग, ज्वर, खांसी, श्वास रोग, उदर रोग, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्श एवं स्त्री रोग से संबंधित मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में 405 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से तथा 70 लोगों का होम्योपैथी पद्धति से उपचार किया गया, जबकि 145 लोगों की रक्त जांच भी की गई। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह से बचाव, योगासन, वात रोग, जरा रोग तथा स्वस्थ जीवन शैली से संबंधित सात प्रकार के पंपलेट भी वितरित किए गए।शिविर को सफल बनाने में बीएमओ डॉ. विनोद नायक, डॉ. अजय नायक, डॉ. नरसिंह पटेल, डॉ. गजानन पटेल, डॉ. गगन पटेल, डॉ. श्रद्धा पटेल, डॉ. जागृति पटेल, डॉ. अनुराधा सिंह, फार्मासिस्ट अजीत गुप्ता, भोज मालाकर, दुष्यंत, राजेश साव, डोल नारायण और रूपेश आस्तृ सहित आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में आयुष विभाग ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं समस्त ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

# धान के बदले अन्य फसल लेने पर मिलेंगे 15 हजार रुपए प्रति एकड़

**रायगढ़, 26 जून ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन के लिए नवीन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह योजना खरीफ वर्ष 2026 से पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि लागत में राहत देना और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना है।

उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा ने बताया कि योजना के तहत इस बार विशेष प्रावधान किया गया है। जो किसान पिछले खरीफ सीजन में धान की खेती करते थे और इस वर्ष धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलों का चयन करेंगे, उन्हें 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को दलहन, तिलहन और अन्य नकदी फसलों की ओर प्रोत्साहन मिलेगा तथा खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी। इसके अलावा, जो किसान पहले से ही खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी फसलें ले रहे हैं और इसके लिए पंजीकरण कराते हैं, उन्हें पूर्व की भांति 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की सहायता राशि मिलती रहेगी।

योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनका पंजीकरण एकीकृत किसान पोर्टल और एग्रीस्टेक प्लेटफॉर्म पर होगा। पात्र किसानों को सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रदान की जाएगी। किसानों के रकबे की पुष्टि डिजिटल क्रॉप सर्वे के आंकड़ों के आधार पर की जाएगी। जिन क्षेत्रों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का डेटा उपलब्ध नहीं होगा, वहां जिला कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आंकड़ों को मान्य किया जाएगा। राज्य सरकार का मानना है कि कृषक उन्नति योजना से किसानों को पारंपरिक धान की खेती के साथ अन्य लाभकारी फसलों की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी, कृषि लागत कम होगी और प्रदेश में फसल विविधीकरण को नई गति मिलेगी। कृषि विभाग ने किसानों से योजना का लाभ लेने के लिए समय पर पंजीयन कराने तथा अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के कृषि अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है।

---

# युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर, जिला स्तरीय रोजगार मेले में 42 अभ्यर्थियों का मौके पर चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन रायगढ़ लगातार सार्थक प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायगढ़ द्वारा आज जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेला जिले के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार प्राप्ति का प्रभावी मंच साबित हुआ, जहां विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों द्वारा बड़ी संख्या में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई। मेले में कुल 42 अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया गया, जबकि अन्य अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया संबंधित कंपनियों द्वारा आगे भी जारी रहेगी।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले के लिए कुल 331 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था। इनमें से 88 अभ्यर्थियों ने उपस्थित होकर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष साक्षात्कार दिया। साक्षात्कार, दस्तावेज सत्यापन एवं योग्यता परीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 42 अभ्यर्थियों का तत्काल चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में युवाओं के साथ-साथ युवतियां भी शामिल रहीं, जिन्होंने रोजगार के अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तीन प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। मेसर्स श्रमिन वेल्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इलेक्ट्रिकल मीटर टेक्नीशियन के 500 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संचालित की गई। वहीं मेसर्स एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा लाइफ मित्र, सेल्स ऑफिसर एवं डेवलपमेंट ऑफिसर के कुल 180 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त मेसर्स सॉफ्टबीट कम्प्यूटर रायगढ़ द्वारा नर्सिंग ट्यूटर के 4 पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इस प्रकार रोजगार मेले में कुल 684 रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.एससी. एवं बी.एससी. नर्सिंग जैसी विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं वाले युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता, कौशल एवं अनुभव के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिला, वहीं कंपनियों को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप योग्य मानव संसाधन उपलब्ध हुआ।जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेलों एवं मार्गदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन की इस पहल से युवाओं को न केवल रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिल रही है, बल्कि उनके कौशल विकास एवं करियर निर्माण को भी नई दिशा मिल रही है। रोजगार मेले में चयनित युवाओं ने जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

# 50 दिन मौत से लड़ता रहा नवजात, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के डॉक्टरों ने दी नई जिंदगी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 जून।** स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ के चिकित्सकों ने सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने एक नन्ही जिंदगी को नया जीवनदान दिया। जूटमिल निवासी दंपति श्री ललित एवं श्रीमती सुगंधी के समयपूर्व जन्मे गंभीर रूप से बीमार नवजात को 50 दिनों तक चले जटिल उपचार के बाद स्वस्थ अवस्था में उनके परिजनों को सौंप दिया गया। गर्भावस्था के मात्र 33वें सप्ताह में जन्मा यह शिशु केवल 1.7 किलोग्राम वजन का था। जन्म के तुरंत बाद उसे गंभीर श्वसन संबंधी परेशानी होने लगी और पहले ही दिन से बार-बार दौरे पड़ने लगे। जांच में फेफड़ों में रक्तस्त्राव, गंभीर संक्रमण (सेप्सिस) और निमोनिया जैसी जटिल बीमारियों का पता चला। स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण नवजात को तत्काल नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया।

---

# आवास सूची से सैकड़ों परिवार बाहर, जनपद पंचायत कुरूद में फूटा जनाक्रोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कुरूद,26 जून।** प्रधानमंत्री आवास योजना की नई सूची में पात्र हितग्राहियों के नाम नहीं आने से जनपद पंचायत कुरूद में गुरुवार को भारी जनआक्रोश देखने को मिला। करगा, जरवायडीह, खर्रा, मुल्ले, सिरसिदा, चर्रा, सिंधौरीखुर्द, दर्रा, गुद्गुदा, भैसमुंडी सहित आसपास के गांवों से पहुंचे दो सौ से अधिक ग्रामीणों ने जनपद कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से सवाल किया कि आखिर उनका नाम आवास सूची से किस आधार पर काट दिया गया।

आवास की उम्मीद लगाए बैठे गरीब परिवारों का कहना था कि वे वर्षों से कच्चे मकानों में रह रहे हैं, शासन की सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, फिर भी उनका नाम सूची में नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है।

प्रदर्शन करने वालों में ग्राम करगा से दीपिका साहू, राजा साहू, कामता साहू, प्रेमलाल साहू, चेतन साहू, खिलेश साहू, महेश साहू, तेजराम साहू, सीताराम साहू, नीलकमल साहू, घनश्याम डहरे, बिंदुबाई, तामेश्वरी सिन्हा, जरवायडीह से बिन्दु पाल, धनेश्वर पाल, उमेंद्र यादव, कल्याणी पाल, बेनीराम पाल, उमेंदी यादव, सुरेश यादव, खर्रा से कामदेव साहू, नूतनलाल साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी, हेमलाल यादव, मुल्ले से सीताबाई यादव, टिकेश्वरी साहू, सिरसिदा से देवनारायण साहू, चर्रा से अनुसुइया साहू, कुलेश्वरी साहू, देवकुमारी साहू, पिंगला साहू, प्रेमीन साहू, अहिल्या साहू, तामेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

#### एआई ने बनाई सूची, स्थानीय स्तर पर जानकारी नहीं

जब आक्रोशित हितग्राहियों ने अधिकारियों से पूछा कि उनका नाम आखिर क्यों काटा गया, तो उन्हें जो जवाब मिला उसने लोगों की नाराजगी और बढ़ा दी। जनपद कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि सूची केंद्रीय स्तर पर तैयार की गई है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों एवं सर्वे डाटा का परीक्षण कर पात्रता तय की गई है।इस संबंध में जनपद पंचायत कुरूद के सीईओ अमित कुमार सेन ने बताया कि केंद्रीय टीम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जानकारी दी गई है कि एआई आधारित प्रणाली के माध्यम से सर्वे और छंटनी की प्रक्रिया हुई है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण डाटा केंद्रीय एजेंसी के पास है, इसलिए स्थानीय स्तर पर यह बताना संभव नहीं है कि किसी विशेष हितग्राही का नाम किस कारण सूची में शामिल हुआ या नहीं हुआ।

#### जवाब से बढ़े सवाल

सीईओ के इस बयान के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने कई सवाल खड़े किए। लोगों का कहना था कि यदि स्थानीय प्रशासन के पास ही यह जानकारी नहीं है कि नाम क्यों कटा, तो प्रभावित परिवार अपनी समस्या लेकर आखिर कहां जाएं? क्या गरीबों के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले अब पूरी तरह मशीनों और एल्गोरिदम के भरोसे होंगे? यदि किसी पात्र परिवार के साथ अन्याय हुआ है तो उसकी जवाबदेही कौन तय करेगा?ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तकनीक का इस्तेमाल पारदर्शिता बढ़ाने के लिए होना चाहिए, लेकिन यहां तो पात्र लोगों को ही सूची से बाहर कर दिया गया और कोई स्पष्ट कारण बताने वाला भी नहीं है।

#### जनपद कार्यालय में बढ़ती गई भीड़ मच गई अफरा-तफरी

जैसे-जैसे विभिन्न गांवों से हितग्राही जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचते गए, कार्यालय परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने अधिकारियों और कर्मचारियों से जवाब मांगते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का आरोप है कि भीड़ और नाराजगी बढ़ते देख कई कर्मचारी अपने कक्षों से निकल गए, जिससे लोगों में और अधिक रोष व्याप्त हो गया।

#### छत का सपना टूटने नहीं देंगे

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पात्र परिवारों के नामों की पुनः जांच कर उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को सम्मानजनक आवास देने के लिए बनाई गई है, लेकिन पात्र लोगों के नाम कटने से उनके सपनों पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है।

#### सबसे बड़ा सवाल

आखिर यदि किसी गरीब परिवार का नाम आवास सूची से बाहर हो गया है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी है?एआई की, केंद्रीय एजेंसी की, या फिर उस प्रशासनिक व्यवस्था की जो आज भी प्रभावित लोगों को यह नहीं बता पा रही कि उनका नाम सूची से क्यों गायब हुआ?कुरूद क्षेत्र में यह मुद्दा अब तेजी से जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है और सैकड़ों परिवार शासन से जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# आपातकाल के 51 वर्ष : लोकतंत्र की हत्या का काला दिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 26 जून।** 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी, बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा आज भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने आपातकाल को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे कलंकित अध्याय बताते हुए कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता पर तीखा प्रहार किया।

नेताओं ने कहा कि 21 महीने तक चला आपातकाल का दौर भारत के संविधान, न्यायपालिका, मीडिया और नागरिक अधिकारों की हत्या का दौर था। आज 51 साल बाद भी देश उस अंधकार युग की पीड़ा को नहीं भूला है।

किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहाः आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी सोच का सबसे बड़ा प्रमाण है। 25 जून 1975 की आधी रात को जब देश सो रहा था, तब इंदिरा सरकार ने संविधान को ताक पर रखकर लोकतंत्र का गला घोंट दिया। लाखों किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। बोलने की आजादी, विरोध करने का हक - सब कुछ कुचल दिया गया। आज जो कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, उसी ने 1975 में संविधान के हर पन्ने को रौंदा था। 21 महीने तक महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट ने हर गांव, हर घर को तोड़ा।

**भाजपा ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस के तानाशाही इतिहास को किया बेनकाब**



भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर नई पीढ़ी को कांग्रेस के इस काले सच से अवगत करा रहा है, ताकि कोई फिर लोकतंत्र को बंधक बनाने की हिम्मत न कर सके। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा 25 जून 1975 की वो काली रात देश के लोकतांत्रिक इतिहास पर सबसे बड़ा धब्बा है। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी ठहराया था। उनका रायबरेली से निर्वाचन रद्द कर दिया गया, 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई और सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। गुजरात विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के विरुद्ध प्रचंड जनादेश आया था। अपनी सत्ता बचाने के लिए बौखलाई इंदिरा गांधी ने आधी रात को मंत्रिमंडल को भी अंधेरे में रखकर आपातकाल थोप दिया। उसके बाद देश में जो हुआ वो किसी तानाशाह से कम नहीं था। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जयप्रकाश नारायण समेत लाखों विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को आधी रात को सोते से उठाकर मीसा और डीआईआर के तहत जेलों में ठूंस दिया गया। प्रेस सेंसरशिप लागू कर दी गई। अखबारों के दफ्तरों में बिजली काट दी जाती थी, संपादकों को खबरें छापने से पहले सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी। अखबारों में बड़े-बड़े खाली कॉलम छपते थे। न्यायपालिका को नियंत्रित कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीशों को दरकिनार कर अपने पसंदीदा व्यक्ति को मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। दिल्ली के तुर्कमान गेट पर सौंदर्यीकरण के नाम पर हजारों गरीबों के घर बुलडोजर से उजाड़ दिए गए। विदेशी मीडिया तक ने इंदिरा सरकार को तानाशाह करार दिया था।

भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया इस वार्ता में भाजपा नेता राकेश तिवारी, ओम प्रकाश देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, द्वारका वर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी आपातकाल को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताया।

## एक नजर

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद हितग्राही को मिला तीन महीने का राशन



**बलौदाबाजार भाटापारा, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड भाटापारा के ग्राम दतरेंगी की रहने वाली कुंती वर्मा के लिए राज्य शासन का सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है। कुंती वर्मा को पिछले तीन महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा था, जिससे उनके परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अपनी इस समस्या को लेकर वे काफी चिंतित थीं, तभी उन्हें अपने बड़े भाई से इस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी मिली। भाई की सलाह पर उन्होंने तुरंत सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर संपर्क किया और अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होते ही जिला प्रशासन और संबंधित विभाग ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। इस त्वरित और संवेदनशीलता से की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुंती वर्मा को उनके हक का पिछले तीन महीने का राशन एक साथ प्रदान कर दिया गया है। कुंती वर्मा को शासन की तीन महीने का राशन एक साथ पाकर कुंती वर्मा और उनके परिवार के चेहरे पर खुशी लौट आई है। उन्होंने संकट के समय में इतनी तेजी से मदद पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन का दिल से आभार व्यक्त किया है।

# धरती को बंजर होने से बचाना है तो प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाना ही होगाः बृजमोहन अग्रवाल

## रायपुर सांसद बोले- खेती को लाभ का व्यवसाय बनाएं, विविधीकरण और जैविक कृषि अपनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर /भाटापारा, 25 जून।** धरती की उर्वरकता और स्वस्थ पीढ़ी के लिए जैविक खेती को अपनाना हमारी जिम्मेदारी है यह कहना है रायपुर लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने गुरुवार को भाटापारा में आयोजित 'राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन (NMEO-OS)' अंतर्गत जिला स्तरीय तिलहन मेला सह जैविक कृषि कार्यशाला में शामिल होकर हुए किसानों को पारंपरिक और वैज्ञानिक खेती के समावेश का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि केवल धान की फसल पर निर्भरता न केवल हमारी भूमि की उर्वरक शक्ति को कम कर रही है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़ा संकट पैदा कर रही है।

### धरती की उर्वरकता व स्वस्थ पीढ़ी के लिए जैविक खेती अनिवार्य

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, आज जब से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और 3100 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, तब से एक स्थिति यह भी बन गई है कि अधिकांश किसान केवल धान की खेती तक सीमित होकर रह गए हैं। हर तरफ केवल धान, धान, धान और धान की ही खेती हो रही है। बाकी फसलों का उत्पादन लगभग बंद होता जा रहा है। हमें विचार करना होगा कि क्या केवल धान की खेती से भविष्य में काम चल पाएगा एक समय ऐसा भी आ सकता है जब हमारी जमीन का पानी सूख जाएगा। धान ऐसी फसल है जिसमें सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। छत्तीसगढ़ में आज पानी की कमी नहीं है, लेकिन पहले हमारे गांवों में पांच-पांच, दस-दस तालाब हुआ करते थे। आज वे तालाब सूख रहे हैं, समाप्त होते जा रहे हैं।




### खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने का आह्वान

सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साझा करते हुए कहा कि यदि खेती को लाभ का व्यवसाय बनाना है, तो किसानों को विविधीकरण अपनाना होगा। उन्होंने सलाह दी कि किसान अपनी जमीन के एक चौथाई हिस्से में फल-फूल, एक चौथाई में पशुपालन, मछली पालन या मुर्गी पालन करें, ताकि आय का जरिया साल भर बना रहे। उन्होंने बताया कि सरकार दलहन-तिलहन की खेती करने पर 15, 000 रुपये प्रति वर्ष और खेत में वृक्षारोपण करने पर 10, 000 रुपये प्रति वर्ष प्रोत्साहन राशि दे रही है।

### हितग्राहियों को मिली योजनाओं की सौगात

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम की उपस्थिति में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में पीएम आशा योजना, स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, नैनो यूरिया प्रोत्साहन और मत्स्य पालन विभाग से जुड़ी योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### युवाओं के लिए नई तकनीक और बाजार की संभावनाएं

युवाओं को गांव में ही रोजगार और खेती से जोड़ने के लिए उन्होंने 'नेट हाउस', 'पॉली हाउस' और 'ड्रिप इरिगेशन' जैसी आधुनिक तकनीकों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रायपुर जैसे शहरों में जैविक उत्पादों की भारी मांग है और जैविक उत्पाद सामान्य फसलों की तुलना में कई गुना अधिक कीमत पर बिक रहे हैं। अतः जैविक खेती 'नुकसान नहीं, बल्कि फायदे का सौदा' है।

बार-बार एक ही फसल लेने से धरती की उर्वरक शक्ति भी कम होती है। अधिक उत्पादन लेने के लिए हम लगातार यूरिया और फास्फेट का उपयोग कर रहे हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। आने वाली पीढ़ियों, हमारे बच्चों और नाती-पोतों के लिए जो जमीन हम छोड़कर जाएंगे, वह कहीं बंजर न हो जाए, इस बारे में हमें गंभीरता से सोचना होगा। इसीलिए कहा जाता है कि फसल चक्र अपनाना चाहिए। अलग-अलग फसलें लेने से मिट्टी की उर्वरक शक्ति बनी रहती है। पहले लोग अपने घर के खाने के लिए अलग से धान रखते थे, लेकिन आज यह परंपरा भी लगभग समाप्त हो गई है। हम केवल अधिक उत्पादन और अधिक कमाई के पीछे भाग रहे हैं। लेकिन सोचने की बात यह भी है कि जितना अधिक पैसा हम कमाते हैं, उसका बड़ा हिस्सा बाद में डॉक्टरों को देना पड़ता है। कम से कम हमें यह तो तय करना चाहिए कि हमारे परिवार के खाने के लिए जितना चावल और धान चाहिए, उतना उत्पादन हम जैविक तरीके से करें। गोबर खाद और गौमूत्र का उपयोग कर प्राकृतिक खेती करें। हमें यह विचार करना होगा कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ रखना है, अपने परिवार को स्वस्थ रखना है, अपने बच्चों और नाती-पोतों को स्वस्थ रखना है, तो हमें प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौटना ही होगा।

# लेजर शो में सोमनाथ के गौरवशाली इतिहास से अवगत हुए छग के श्रद्धालु



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 25 जून।** सोमनाथ सांस्कृतिक तीर्थ यात्रा के दौरान प्रभास पाटन में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ महादेव के पावन दर्शन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आयोजित भव्य लेजर शो को देखा।

जंहा लेजर लाइट एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालुओं को सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, धार्मिक महत्व, प्राचीन वैभव तथा विभिन्न कालखंडों में विदेशी आक्रांताओं के द्वारा बार बार मंदिर विध्वंस और हमारे पुरोधाओं के द्वारा पुनर्निर्माण की जानकारी दी गई। आकर्षक प्रस्तुति ने सभी यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने जाना कि सोमनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और अदम्य आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। लेजर शो के माध्यम से प्रस्तुत ऐतिहासिक और धार्मिक जानकारी ने यात्रा के अनुभव को और अधिक यादगार बना दिया।

इस यात्रा में सम्मिलित पद्म उषा बारले ने चर्चा में यात्रा के सुखद अनुभव साझा करते हुए बताया कि हम सभी 1008 तीर्थ यात्रियों के वेरावल स्टेशन पहुंचते ही वहां के शासन प्रशासन के द्वारा गुजराती वेशभूषा से सुसज्जित होकर पुष्प वर्षा के माध्यम आत्मीय स्वागत किया। उसके पश्चात प्रातः प्रभास पाटन में स्थित विभिन्न मंदिरों के पावन दर्शन कराया गया। वहीं संध्या काल में भगवान सोमनाथ के दर्शन एवं सभी श्रद्धालुओं को एक साथ भगवान के आरती करने का परम सौभाग्य मिला। इसके लिए हम हमारे मुख्यमंत्री का जितना भी बढ़ाई की जाएं व कम है।

बताते चलें कि इस यात्रा में पद्म राधेश्याम बारले डोमार सिंह कंवर सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक मोना सेन रजनी रजक प्रभा यादव सहित अन्य कलाकारों सहित संस्कृति विभाग के संचालक संजय कन्नौजे एवं साथी अधिकारी युगल किशोर तिवारी एवं बलौदाबाजार के नोडल अधिकारी इंद्रदेव वर्मा

सिमगा के परस पाटकर सतीश (सीटू जैन)रामनाथ सोनी करमदा मुरारीलाल साहू मोहतरा जितराम विश्वकर्मा टेमरी चंद्रिका पटेल खैरा कन्हैयालाल कौशिक महेशराम वर्मा (ब) राजेश थवाईत केजू राम साहू सुमन वर्मा सुमन यादव लक्ष्मणी साहू चमेली बाई साहू सालिकराम वर्मा चंद्रराम वर्मा लेखराम वर्मा ओंकार साहू मंशाराम वर्मा थे।

# आयोग ने उपभोक्ता को दिलाई दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 जून।** बीमा कंपनी द्वारा परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि देने में आनाकानी किये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार न्यू इंडिया जनरल इन्सुरेंस कंपनी अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि 2500000 रुपए एवं उपभोक्ता को मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 रुपए तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी मेसर्स फ्रेंड्स फूड्स के प्रोपराइटर वेदप्रकाश पारवानी ने विरोधी पक्षकार से अपनी स्वामित्व के संस्थान मेसर्स फ्रेंड्स फूड्स का बीमा कराया था। उक्त संस्थान में बाढ़ का पानी घुसने से 2500000 की हानि हुई। परिवादी द्वारा विरोधी पक्षकार को घटना की जानकारी दिया गया उपरांत दावा क्लेम फॉर्म भरकर प्रस्तुत किया गया सर्वेयर के बताये अनुसार समस्त दस्तावेज विरोधी पक्षकार के पास जमा कर दिया गया परंतु लगभग 1 वर्ष से अधिक समय पश्चात् भी विरोधी पक्षकार द्वारा क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नही किया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि दुर्घटना की सूचना एवं जानकारी प्रदाय किये जाने के पश्चात् भी विरोधी पक्षकार द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही या बीमा पालिसी के दावे के सम्बन्ध में नियमानुसार एवं प्रावधानुसार सम्बंधित क्षतिग्रस्त या घटनास्थल में जाकर परिवादी द्वारा प्रस्तुत दावे बाबत सत्यता की जांच किये जाने की कोई कार्यवाही किया जाना प्रकट नही है ना ही विरोधी पक्षकार द्वारा नोटिस का कोई जवाब दिया गया है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सरिता का बिजली बिल हुआ शून्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 जून।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक बचत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता का प्रभावी माध्यम बन रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा निवासी सरिता सोनवानी ने अपने घर की छत में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया है। जिससे उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है और ऋणात्मक बिजली बिल आ रहा है। सरिता सोनवानी ने बताया कि उन्होंने ग्राम बरगा में योजना के तहत सबसे पहले अपने घर में सोलर पैनल स्थापित कराया है। उनके इस प्रयास से गांव के अन्य लोगों में भी योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा कई




परिवार अब सोलर पैनल लगाने के लिए रूचि दिखा रहे हैं।

सरिता सोनवानी ने बताया कि सोलर पैनल लगवाने से पहले उनके घर में बिजली की खपत अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में बिजली बिल लगभग 2 हजार रूपए प्रतिमाह तक पहुंच जाता था। बढ़ते बिजली खर्च से राहत पाने के लिए वे किसी स्थायी समाधान की तलाश में थी। इसी दौरान उन्हें ग्राम पंचायत सचिव से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिली। योजना से प्रेरित होकर उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत वेन्डर का चयन किया तथा बैंक ऋण के लिए आवेदन किया। बैंक द्वारा त्वरित प्रक्रिया पूरी करने के बाद जनवरी 2026 में उनके घर की छत पर 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कर दिया गया। स्थापना के बाद उन्हें एक माह के भीतर योजना के अंतर्गत 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी भी प्राप्त हुई, जिससे उनकी आर्थिक जिम्मेदारी काफी कम हो गई।

सरिता ने बताया कि सोलर पैनल का रख-रखाव बेहद सरल है और इसके संचालन में अतिरिक्त खर्च नहीं होता। सोलर पैनल लगने के बाद उनके घर का बिजली बिल शून्य हो गया है। इतना ही नहीं, उनके घर में खपत से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे अतिरिक्त यूनिट विद्युत ग्रिड में भेजी जा रही हैं। इसके बदले उन्हें भविष्य में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे न केवल बिजली बिल में बचत होती है, बल्कि स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलता है।

# सड़क हादसे में घायल युवक को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 जून।** थाना गिधौरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरधा राईस मिल के पास आज शाम एक बाइक सवार युवक के अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुँचकर घायल को तुरंत अस्पताल रवाना किया। 25 जून को डायल 112 को इवेंट (सूचना) प्राप्त हुआ कि ग्राम नरधा राईस मिल के पास एक मोटर साइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

सूचना मिलते ही थाना गिधौरी की डायल 112 वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुँचने पर टीम की मुलाकात कॉलर (घायल के भाई) से हुई, जिसने बताया कि उसका भाई, महेंद्र कुर्रे निवासी ग्राम नवरंगपुर, बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया है और उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं



डायल 112 के स्टाफ ने बिना समय गंवाए स्थिति को संभाला। तत्काल मौके पर डायल 112 वाहन और एम्बुलेंस दोनों पहुँच चुकी थीं। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए, कॉलर (भाई) की सहमति से घायल महेंद्र कुर्रे को तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर उपचार और डॉक्टरी सहायता हेतु अस्पताल रवाना किया गया।

**आयुक्त ने कर्मचारी संघों की उपस्थिति में परामर्शदात्री समिति की ली बैठक**

# वेतन, अनुकम्पा नियुक्ति व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित राशि के संबंध में हुई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 जून।** निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने गत दिवस विभिन्न कर्मचारी संघो के पदाधिकारियो की उपस्थिति में परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। बैठक में कर्मचारी हित से जुडे विभिन्न विषयो पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कर्मचारी हित एवं उनकी समस्या के निराकरण के लिए परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है। आज कर्मचारियो से जुडे विभिन्न मुद्दो पर चर्चा करने बैठक बुलाई गयी है। बैठक में कर्मचारी संघो के पदाधिकारियो ने प्रमुखता से हर माह वेतन भुगतान करने कर्मचारियो की पदोन्नति, कर्मोन्नति, कार्यरत मृतक



कर्मचारियो के आश्रितो को अनुकंपा नियुक्ति देने तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियो के अवकाश नगदी करण, वेतन से काटी गयी भविष्य निधि की राशि का भुगतान के अलावा नवीन अंशदायी पेंशन की राशि जमा नही होने तथा प्लेसमेंट कर्मचारियो को लंबे समय से वेतन नही मिलने व ईपीएफ की राशि जमा नही होने एवं कर्मचारियो के क्वाटर की मरम्मत कराने के अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ को विभिन्न गतिविधिया संचालन हेतु राशि दिए जाने संबंधी विषयो पर बिन्दुवार चर्चा की गयी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि राजस्व वसूली एंव राशि की उपलब्धता के आधार पर वेतन भुगतान तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियो का देयक भुगतान किया जाता है। एक वर्ष में 23 कर्मचारियो को अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी है। 3 आवेदन प्रक्रियाधीन है, और पूर्व के 15 आवेदन शासन के समक्ष विचरार्थ प्रेषित किये गये है। शासन स्वीकृति के पश्चात उन कर्मचारियो को भी अनुकम्पा नियुक्ति दी जावेगी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कर्मोन्नति पदोन्नति देने कार्यवाही की जा रही है, पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। शासन से संबंधित प्रकरणो के निराकरण के लिए तथा समय समय पर कर्मचारियो के हित में वेतन आदि हेतु शासन से पत्राचार किया जाता है। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ को विभिन्न गतिविधियो के संचालन के लिए बजट प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी सघो की समय समय पर बैठक बुलाकर उनकी समस्याओ का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जायेगा तथा शासन स्तर पर लंबित प्रकरणो के निराकरण के लिए पत्राचार किया जायेगा।

बैठक में कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, स्थापना प्रभारी राकेश नंदे सहित कर्मचारी संघो में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष जिला इकाई गोकुल प्रसाद कवर, नगर निगम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दरोगा, वार्ड प्रभारी के अध्यक्ष प्रवीण झा, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक, प्लेसमेंट ठेका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय मेश्राम, सेवानिवृत्त पेंशन संघ के अध्यक्ष दुर्गाराम साहू के अलावा सभी संघो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

**NO.021-1710/PUBLICATION/ 2973** **Korba West, dtd. 24.06.2026**

**TENDER NOTICE No. 352/2026. e-Bidding**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Bidders for the following Work:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100052364 | Work of Condenser Tube cleaning using high pressure water jet and special design phosphor bronze bullet of 500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 5,140/- | 15.07.2026 |
| 2. | RFX No. 8100052496 | Procurement of Flexible Fire Fighting Delivery Hose Type-3 and SS Short Branch for Fire Fighting and AH-II, Div., Korba West. | 590/- | 8,399/- | 14.07.2026 |
| 3. | RFX No. 8100052462 | Procurement of Complete Assembly and Spares of Branch Isolation Valves of Size 250NB for Ash evacuation system installed at AH-II, 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 14,125/- | 15.07.2026 |
| 4. | RFX No. 8100052459 | Procurement of Various size of Non-metallic Gland Packing for HTPS, KW and 1x500 MW, HTPS, KW. | 590/- | 9,065/- | 16.07.2026 |
| 5. | RFX No. 8100052479 | Procurement of ABC type DCP Fire Extinguisher having Squeeze grip operation for Fire Fighting Div., HTPS, Korba West. | 590/- | 13,607/- | 17.07.2026 |

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website**https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** .2. **Quantity as per tender schedule.**3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

SUPERINTENDING ENGINEER (P-II)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

**Samvad-48281/1**

## एक नजर

### एआईयू की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष नियुक्त हुए राजीव चौधरी



**रायपुर, 26 जून।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के वरिष्ठ शिक्षाविद्, खेल विशेषज्ञ एवं प्रशासक प्रो. (डॉ.) राजीव चौधरी को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा गया है। एआईयू ने उन्हें सत्र 2026-27 की अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं के आवंटन हेतु गठित राष्ट्रीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रो. (डॉ.) राजीव चौधरी वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन लॉ के विभागाध्यक्ष तथा स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन फ़िज़िकल एजुकेशन के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे पूर्व में डीन, शारीरिक शिक्षा संकाय का दायित्व भी सफलतापूर्वक निभा चुके हैं।

### एमेजान के सीईओ प्रधानमंत्री से मिले

**रायपुर, 26 जून।** आज नई दिल्ली में एमेज़ॉन के सीईओ एंडी जैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जैसी ने भारत में एमेज़ॉन की दीर्घकालिकप्रतिबद्धता के बारे में बताया। उन्होंने देश में 2030 तक ए.आई और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में 13 बिलियन डॉलर के अतिरिक्तनिवेश की घोषणा की। इसके साथ ही, देश में 2026 से 2030 के बीच ए.आई और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में किया जा रहा एमेज़ॉन का कुलनिवेश बढ़कर 21 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। इस निवेश के बाद एमेज़ॉन देश में अब तक के सबसे बड़े ग्लोबल ए.आई और क्लाउडइन्फ्रास्ट्रक्चर निवेशकों में से एक बन गया है। इस निवेश से मुंबई और हैदराबाद की एडब्लूएस डेटा सेंटर क्षमता का विस्तार होगा।स्टार्टअप्स, एंटरप्राईज और सरकारी संगठनों को कस्टम ए.आई चिप, मैनेज्ड ए.आई सर्विस, सुरक्षित और भरोसेमंद क्लाउड टेक्नोलॉजी औरडेवलपर टूल उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे उन्हें ज्यादा तेजी से इनोवेट करने, विस्तार करने और पूरी दुनिया के ग्राहकों को सेवाएं देने में मददमिलेगी। भारत में एमेज़ॉन द्वारा 2010 से 2030 के बीच किया जाने वाला कुल निवेश 88 बिलियन डॉलर से अधिक है। एमेज़ॉन अपनेईकॉमर्स और क्विक कॉमर्स बिजनेस से संचालन के लिए अपने ऑपरेशंस नेटवर्क में निवेश जारी रखेगा।

### अब तक का सबसे बड़ा समर कलेक्शन

**रायपुर, 26 जून।** अमेजन डॉट इन ने लेगो सर्च में साल-दर-साल 50% के उछाल की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्राइम मेंबर्स कर रहे हैं, जो कुल मांग में85% का योगदान देते हैं। एडल्ट कलेक्टर्स, पॉप कल्चर के दीवानों और उपहार देने वालों का एक बढ़ता हुआ समुदाय जो इमर्सिव बिल्डिंग एक्सपीरियंस, क्रिएटिव आउटलेट्स और डिस्प्ले के लायक कलेक्टिबल्स की तलाश में हैं, वे अमेजन डॉट इन पर लेगो की इस रफ़्तार को आगे बढ़ा रहे हैं। प्राइम डे 2026 से पहले, अमेजन डॉट इन एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर अपने अब तक के सबसे बड़े लेगो समर कलेक्शन के साथ अपनी तैयारी को दोगुना कर रहा है। स्टार वॉर्स (डेथ स्टार) और मार्वल से लेकर हैरी पॉटर, फ़ास्ट एंड फ्यूरियस स्पीड चैंपियंस और एक फुटबॉल सीज़न कलेक्शन जैसी 30 से अधिक प्रतिष्ठित थीम्स में 100 से अधिक नए सेट्स अब उपलब्ध हैं।

# बिना लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम वाली यात्री बसों पर होगी कार्रवाई



**रायपुर, 26 जून।** छत्तीसगढ़ में यात्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब सभी यात्री बसों में वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाना और उसे सक्रिय रखना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों के खिलाफमोटरयान अधिनियम, 1988 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश ने इंद्रावती भवन नवा रायपुर स्थित परिवहन कार्यालय में सभी बस संचालकों एवं विभाग द्वारा वीएलटीडी लगाने हेतु अधिकृत वेंडरों की संयुक्त बैठक लेकर यात्री बसो में स्थापित वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिन बसों में अभी तक वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) नहीं लगी है, उनमें 15 दिनों के भीतर इसे अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। वहीं जिन बसों में यह उपकरण लगा हुआ है लेकिन संचालित नहीं है, उन्हें तत्काल चालू किया जाए।

परिवहन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 में राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में हुए भीषण सड़क हादसों के बाद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है। सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाली महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

विभाग ने बताया कि राज्य मुख्यालय के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र से सभी बसों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उपग्रह आधारित ट्रैकिंग प्रणाली के माध्यम से यह पता लगाया जा सकेगा कि बस निर्धारित मार्ग पर चल रही है या नहीं तथा समय पर संचालन हो रहा है या नहीं। यात्रियों को भी संगवारी ऐप के जरिए बसों की वास्तविक समय की लोकेशन की जानकारी मिल सकेगी।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे और बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जा रही है। इससे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की तत्काल पहचान कर कार्रवाई की जा सकेगी।

मोहर्रम



रायपुर, 26 जून। आज मोहर्रम के अवसर पर राजधानी में मातमी जुलूस के साथ ताजिये निकाले गए।

## लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र की बात कर रही है : केदार कश्यप

**रायपुर, 26 जून।** वनमंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास जनता से जुड़े कोई ठोस मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह निराधार आरोप लगाकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।



आपातकाल और लोकतंत्र के मुद्दे पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बेशर्म वह पार्टी है, जो इतिहास की सच्चाई स्वीकार नहीं कर पाती। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है, इसलिए देश की नई पीढ़ी को यह जानना भी आवश्यक है कि इसी देश में कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए आपातकाल थोपा था। उस दौर में लोकतंत्र की आवाज़ उठाने वाले हजारों लोगों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में डालकर प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि यह इतिहास केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नई पीढ़ी को लोकतंत्र के संघर्ष, उसके महत्व और उसकी रक्षा के दायित्व को भी समझना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों को व्यवहारिक जीवन में उतारना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए फसल परिवर्तन को प्रोत्साहित कर रही है। इसके तहत दलहन और तिलहन जैसी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सरकार इन फसलों की खरीद की भी प्रभावी व्यवस्था कर रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कांग्रेस के दावों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज बड़े-बड़े दावे करती है, जबकि उनके शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था घोटालों और अव्यवस्थाओं का प्रतीक रही। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है और आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## हमर अस्पताल का काम दो साल से बंद : कन्हैया

**रायपुर, 26 जून।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने भाजपा सरकार, स्थानीय विधायक और सांसद पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दुर्भावना और जनप्रतिनिधियों की घोर उदासीनता के कारण दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के नागरिक अपने ही गली-मोहल्लों में बेहतर चिकित्सा सुविधा पाने के लिए तरस रहे हैं।

कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि सदर बाजार वार्ड में राष्ट्रीय शहरी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर' के माध्यम से 'हमर अस्पताल' के निर्माण हेतु कांग्रेस शासनकाल के दौरान 14 अप्रैल 2022 को 25 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद प्रक्रिया से गुजरते हुए 26 सितंबर 2023 को इसका टेंडर स्वीकृत किया गया और मेसर्स नटराज इंफ्रा बिल्डकॉन ने 04 मार्च 2024 को भूमि पूजन कर बकायदा काम शुरू भी कर दिया था। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि इस अस्पताल के महत्व को समझते हुए राजनीति से ऊपर उठकर तत्काल नया फंड जारी किया जाए और निर्माण कार्य को अविलंब पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को उनके ही घर के पास बेहतर और सुलभ चिकित्सा व्यवस्था मिल सके।

## भाजपा का अलोकतांत्रिक चरित्र खतरनाक : बैज

**रायपुर, 26 जून।** आपातकाल पर भाजपा द्वारा मनाया गया काला दिवस भाजपा की राजनैतिक दिवालियापन को दिखाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 1975 में जो आपातकाल लगाया गया था, वह संविधान के आर्टिकल 352 के तहत लगाया गया था। उस समय देश में जो विपक्षी दल थे, तत्कालीन सरकार के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे थे। आंतरिक संकट की स्थिति थी, तब महामहिम राष्ट्रपति ने आपातकाल का घोषणा किया था और एक समय के बाद आपातकाल समाप्त भी कर दिया गया, पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया थी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले एक दशक से मोदी सरकार आने के बाद आज जो आपातकाल चल रहा वो देश के लिये ज्यादा घातक है। संवैधानिक संस्थाओं को बंधक बना लिया गया है, आज चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रह गया है, न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप करने की कोशिश की जा रही है, मीडिया को दबाया जा रहा है, मीडिया के काम में हस्तक्षेप करने की कोशिश की जा रही है, विपक्षी दल के विधायकों और सांसदों को खरीदा जा रहा है, विपक्षी दल को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। ईडी, आईटी, केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग करके राज्य सरकारो में दल बदल करवा करके राज्य सरकारों में कब्जा किया जा रहा है। यह देश के लिये ज्यादा घातक है। वोट चोरी मतदाताओं को अपने हिसाब से लिस्टिंग करना इसके कारण लोकतंत्र में ज्यादा बड़ा खतरा है। उस समय का आपातकाल संवैधानिक था। लेकिन जो आज आपातकाल है, वो असंवैधानिक और देश के लिये ज्यादा दुखदायी और परेशानी वाला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 12 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान खतरे में है। संविधान बदलने की बात कही जाती है, संवैधानिक संस्थाये स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पा रही है, मीडिया जनता के मुद्दे उठा नहीं पा रही है, लोकतंत्र का गला घोट जा रहा है, आम जनता के ऊपर टैक्स लादा जा रहा है, पेपर लीक हो रहे हैं, बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है।

## राष्ट्रव्यापी ब्लड डोनेशन कैंप

**रायपुर, 26 जून।** देश के अग्रणी इंडस्ट्रियल ग्रुप जेके ऑर्गेनाइजेशन ने अपने पूर्व अध्यक्ष एवं दूरदर्शी उद्योगपति स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की 93वीं जयंती के अवसर पर देशभर में स्थित अपने कार्यालयों और मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों के 8, 000 से ज़्यादा कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से इस पहल में हिस्सा लिया, जो कम्युनिटी वेलफेयर और सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी डोनर्स की, डोनेशन से पहले ज़रूरी हेल्थ स्क्रीनिंग हुई, जिसमें ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और वज़न की जांच शामिल थी। उनके इस योगदान के लिए, सभी डोनर्स को प्रशंसा पत्र दिया गया। यह ब्लड डोनेशन ड्राइव स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की प्रेरणादायी विरासत को समर्पित एक श्रद्धांजलि थी। उनका नेतृत्व उद्देश्यपूर्ण सोच, राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण और समाज सेवा की भावना से परिभाषित होता था। पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया ने जेके ऑर्गेनाइजेशन को मज़बूत करने और बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई, नए वेंचर शुरू करने में मदद की और कई बिज़नेस को ग्रुप के बढ़ते पोर्टफोलियो में शामिल किया।




## ट्रेड लाइसेंस शुल्क वृद्धि से व्यापारी चिंतित



**रायपुर, 26 जून।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन (ट्रेड लाइसेंस) नियम, 2025 के अंतर्गत व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में की गई वृद्धि के संबंध में व्यापारियों की चिंताओं से अवगत कराया।

कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधमंडल ने उपमुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन तथा राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में अत्यधिक वृद्धि से विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों, पारिवारिक व्यवसायों तथा स्थानीय बाजारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। व्यापार करने की सुगमता को ध्यान में रखते हुए शुल्क संरचना का युक्तिसंगत एवं व्यावहारिक होना आवश्यक है।

## प्रबुद्धजनों को मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट



**रायपुर, 26 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने राज्य के प्रमुख प्रबुद्धजनों से संपर्क यात्रा के दौरान उनके निवास व कार्यालय जाकर, मुलाकात कर आत्मीय सम्मान के साथ 12 साल बेमिसाल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्व प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन -डॉ.श्री सुशील त्रिवेदी, शदाणी दरबार पीठाधीश्वर संत युधिष्ठिर महाराज, रावतपुरा सरकार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष - जितेंद्र उपाध्याय, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल, डॉ. दिनेश मिश्रा, नेत्र रोग विशेषज्ञ, अन्धविश्वास निर्मूलन समिति के संयोजक, डॉ .श्री कुलदीप सोलंकी इंडियन मेडिकल एसोसिऐशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष, मां महाकाली मंदिर ट्रस्ट आकाशवाणी चौक के सचिव प्रो. डी.के.दुबे, , रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं एच.ओ. डी. डॉ. मढ़रिया, विख्यात पैथोलॉजिस्ट डॉ.श्री विनोद तिवारी, डॉ .श्री चंद्रिका साहू रेडियोलॉजिस्ट साहू डायग्नोस्टिक, वरिष्ठ पत्रकार शिव दुबे, वरिष्ठ पत्रकार राजेश जोशी, डॉ .श्री सुनील खेमका आर्थोपेडिक नारायणा हॉस्पिटल, अधिवक्ता सुधांशु शेखर शुक्ला, प्रेस क्लब अध्यक्ष - मोहन तिवारी, गौड़ ब्राह्मण महिला समाज के अध्यक्ष प्रतिमा ओमप्रकाश पुजारी, मार्बल मार्केट के अध्यक्ष व प्रसिद्ध व्यवसायी किसनचंद जैन, कमल सारडा प्रसिद्ध उद्योगपति, चार्टर्ड अकाउंटेट पी.पी.मैत्रा, चार्टर्ड अकाउंटेट संदीप तिवारी, जीत सिंह बेबीलोन इंटरनेशनल के संचालक, सुश्री नमी राय पारेख एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियन स्वर्ण पदक विजेता, चार्टड अकाउंटेट सुश्री सौम्या तिवारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट किए।

**कार्यक्रम** ब्रिजिंग अकादमिया एंड इंडस्ट्रीः इनोवेशंस इन एजुकेशन, कॉमर्स एंड कंप्यूटर्स विषय पर तीन दिवसीय आयोजन

## विप्र कॉलेज में नेशनल वर्कशॉप का समापन

**रायपुर, 26 जून।** विप्र महाविद्यालय तथा शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ब्रिजिंग अकादमिया एंड इंडस्ट्रीः इनोवेशंस इन एजुकेशन, कॉमर्स एंड कंप्यूटर्स विषय पर तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का समापन समारोह प्रो. संजय तिवारी कुलपति (हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग) के मुख्य आतिथ्य एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. अनिल तिवारी, प्राचार्य दिशा कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विकसित भारत@2047 की श्रंखला में हाई ब्रीड मोड में आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप के तृतीय दिवस में ऑनलाइन सेशन के दौरान प्रथम तकनीकी सत्र में वक्ता के रूप में डॉ. भावना जंघेल राजपूत (एसोसिएट प्रोफेसर रुंगटा कॉलेज भिलाई) ने रिसर्च से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हुए मार्केट की डिमांड के अनुसार कौशलयुक्त शोधकर्ता तैयार करने की बात की। द्वितीय तकनीकी सत्र के की- नोट स्पीकर डॉ .अनिल तिवारी ने शिक्षा व्यवस्था की नींव को मजबूत करने को महत्वपूर्ण बताया। तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. संजय तिवारी ने संज्ञानात्मक ज्ञान के साथ प्रयोगिक ज्ञान को बेहद आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कौशलयुक्त शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। देश के उद्योगों को बढ़ाने एवं उसमें नवाचार और विकास की बात पर जोर दिया।शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने एनईपी के तहत कौशल विकास एवं नैतिकता के साथ शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



इस अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राविण्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया। सत्र 2025-26 में शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा छात्राओ के प्रवेश शुल्क का 10% एवं जिन छात्रों का 60% से अधिक प्राप्तांक रहा, उनके प्रवेश शुल्क का 10% प्रदान किया गया। 170 विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ देते हुए छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा महाविद्यालय को लगभग 5 लाख की राशि प्रदान की गई। साथ ही सम्मान शिक्षा विभाग के छात्र सागर सिंह गुर्जर को प्रदान किया गया। कंप्यूटर संकाय के मेधावी विद्यार्थी प्रियांशु सराफ और खुशी ठाकुर को भी छात्रवृत्ति प्रदान किया गया। इस अवसर पर दोनों आयोजक महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कश्मीर से लौटा चेम्बर का अध्ययन दल

**रायपुर, 26 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल कश्मीर की सफल अध्ययन एवं व्यापारिक यात्रा पूर्ण कर वापस लौटा। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के मार्गदर्शन में, भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा के नेतृत्व तथा महामंत्री अजय भसीन के सानिध्य में संपन्न हुई।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी ने इस यात्रा का उद्देश्य कश्मीर की व्यापारिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संभावनाओं का अध्ययन कर दोनों क्षेत्रों के बीच सहयोग के नए आयाम तलाशना बताया। महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कश्मीर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने, उद्योगों के विकास, निवेश की संभावनाओं तथा व्यापारिक उन्नति के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



उन्होंने बताया कि श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चैक क्षेत्र के व्यापारियों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं, चुनौतियों एवं संभावित समाधानों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान व्यापारिक वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने तथा दोनों राज्यों के व्यापारियों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क बढ़ाने पर सहमति बनी। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने यात्रा का विवरण देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं सामाजिक जीवन का भी अध्ययन किया गया। सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा दोनों क्षेत्रों के लोगों को एक-दूसरे की संस्कृति से परिचित कराने पर विशेष चर्चा हुई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26